E-PAPER

थिंक राजस्थान

जयपुर
13 नवम्बर, 2026
शुक्रवार

▪ वर्ष: 1 ▪ अंक: 119 / पृष्ठ 8 / अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) / सोच नई, राजस्थान के लिए / मूल्य : ₹10 / प्रभात / RNI NO.: RJMUL/26/A4290

जयपुर एयरपोर्ट पर 55 करोड़ से बनेगा नया स्टेट टर्मिनल: मुख्यमंत्री ने भूमि पूजन किया

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर एयरपोर्ट पर 55 करोड़ रुपए की लागत से नया स्टेट टर्मिनल बनेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को जयपुर एयरपोर्ट के स्टेट हैंगर में नए स्टेट टर्मिनल भवन का भूमि पूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा- नए भवन में आधुनिक सुविधाओं के साथ राजस्थान की कला, संस्कृति और स्थापत्य की झलक दिखाई देगी। टर्मिनल भवन की बाहरी दीवारों और स्तंभों पर जोधपुर के सूरसागर सैंडस्टोन का इस्तेमाल किया जाएगा।

सीएम ने कहा- नए स्टेट टर्मिनल में झरोखे, मेहराब और छतरियां पारंपरिक राजस्थानी स्थापत्य कला को प्रदर्शित करेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन विकास और विरासत को साथ लेकर चलने का है। इसी सोच के साथ प्रदेश में आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया- नए स्टेट टर्मिनल भवन के लिए राज्य सरकार ने 12,778 वर्ग मीटर जमीन आवंटित की है। पूरे प्रोजेक्ट के लिए कुल बजट 55 करोड़ रुपए स्वीकृत किया गया है।

परियोजना के पहले चरण में 19.62 करोड़ रुपए की लागत से बिल्डिंग का निर्माण किया जाएगा। इसमें 2 वीआईपी लाउंज, ऑन-बोर्ड हॉल, मीटिंग हॉल और 10 रेस्ट रूम बनाए जाएंगे। इसके साथ ही ट्रैवलिंग केबिन और सिक्योरिटी रूम जैसी सुविधाएं भी विकसित होंगी। परियोजना के दूसरे चरण में हेलिकॉप्टर पार्किंग के लिए हैंगर और टारमैक का निर्माण किया जाएगा। इससे राज्य में हेलिकॉप्टर संचालन के लिए जरूरी आधारभूत ढांचा मजबूत होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- प्रदेश के आर्थिक और सामाजिक विकास में पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका है। जयपुर से खाटूश्यामजी, सालासर बालाजी और मेहंदीपुर बालाजी जाने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने की मांग लगातार उठती रही है। श्रद्धालुओं को ऐसी सुविधा मिलनी चाहिए कि वे एक ही दिन में दर्शन कर लौट सकें। आने वाले समय में इस दिशा में भी सुविधाओं का विकास किया जाएगा।



10 हेलीपैड और 85 रेलवे स्टेशनों पर विकास कार्य

सीएम ने कहा- प्रदेश में 10 हेलीपैड के विकास कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही 85 रेलवे स्टेशनों की मरम्मत हो रही है। देश के करीब एक चौथाई एक्सप्रेस-वे राजस्थान से गुजर रहे हैं। राज्य सरकार 9 नए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे भी बना रही है। एयर और रेल कनेक्टिविटी को और मजबूत किया जाएगा। बाड़मेर और कोटा में हवाई सेवाएं बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं, जबकि जोधपुर और किशनगढ़ में हवाई संपर्क का विस्तार हो रहा है। उदयपुर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए 145 एकड़ जमीन दी गई है।

देश-दुनिया में बनेगी स्टेट टर्मिनल भवन की पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा- राजस्थान के किले, महल, हवेलियां और ऐतिहासिक स्थापत्य दुनिया में अपनी अलग पहचान रखते हैं। यहां आने वाले पर्यटक प्रदेश की विरासत का आनंद लें और लौटकर दुनिया में राजस्थान की प्रशंसा करें। नए स्टेट टर्मिनल भवन की पहचान भी देश-दुनिया में बनेगी। उन्होंने कहा- सरकार परिवहन सुविधाओं के विस्तार के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है।

ब्रीफ न्यूज

पाताल लोक में भारत करेगा एलपीजी गैस का भंडारण

मंगलुरु। ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कर्नाटक के मंगलुरु में धरती से करीब 160 मीटर नीचे



देश की सबसे बड़ी भूमिगत एलपीजी भंडारण गुफा तैयार की गई है। विशाल गुफा में 80 हजार मीट्रिक टन रसोई गैस का भंडारण किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज परियोजना को राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

अखाड़ा ने इंद्रदेव को महामंडलेश्वर से हटाया

उज्जैन। स्वामी इंद्रदेव महाराज को पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी ने महामंडलेश्वर पद से हटा दिया है।



मुंबई की एक महिला ने उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और अखाड़े के सचिव रवींद्र पुरी ने कार्रवाई की पुष्टि की है। कार्यक्रमों में शामिल नहीं हुए।

अमिताभ के बंगले को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई। अभिनेता अमिताभ बच्चन के बंगले जलसा, छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे,



महापौर कार्यालय और पंजाब नेशनल बैंक को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। वहीं, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी जान से मारने की धमकी मिली। आरोपी ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताकर सात करोड़ की फिरौती मांगी थी। जांच में धमकी फर्जी निकली।

» अंदर विशेष

- **12वीं में भौतिकी और रसायन में 3-3, गणित में सिर्फ 4 अंक; अब दूसरे प्रयास में पुलिस उपाधीक्षक बने गोयली गांव के बृजेश**

...पढ़े पेज 2 पर

पुराने समय को याद करते हुए मोदी बोले

एक समय मेरा काम दीवाली मिलन में कुर्सी लगाना, आप लोगों की आवभगत करना था

- इस समारोह में हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ.हिमांशु द्विवेदी ने भी शिरकत की
- प्रधानमंत्री मोदी ने मीडिया से देश में हो रहे बड़े बदलावों को सामने लाने का किया आह्वान
- पीएम ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित दिपावली मिलन कार्यक्रम में पत्रकारों से किया संवाद



रेल मंत्री वैष्णव के साथ डॉ.हिमांशु द्विवेदी भी मौजूद

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली के भाजपा मुख्यालय में दीपावली मिलन समारोह में हिस्सा लिया। इस मौके पर पत्रकारों से संवाद के दौरान उन्होंने सभी को दीपावली और छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने मीडिया जगत के साथ अपने लंबे जुड़ाव और पुराने अनुभवों को भी साझा किया और कहा कि इन अनुभवों से उन्होंने बहुत कुछ सीखा, जो आज भी उनके काम आता है। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई केंद्रीय मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

इस अवसर पर उन्होंने मीडिया की बदलती भूमिका के साथ ही विकसित भारत 2047 के संकल्प को लेकर भी अपने विचार सामने रखे। उन्होंने भारत की उपलब्धियों, प्रतिभाओं और देश में हो रहे बड़े बदलावों को सामने लाने का आग्रह भी किया। मोदी ने कहा कि त्योहारों का ये समय ऐसा होता है जब हर कोई अपने घर पर, अपने परिवार के साथ, अपनों के साथ समय बिताने का प्रयास करता है। लेकिन आपका काम ऐसा है कि ब्रेकिंग न्यूज के लिए भागदौड़ लगी रहती है। ऐसी व्यस्तता में आप सभी इस नॉन ब्रेकिंग न्यूज वाले कार्यक्रम में आए। मैं आपका आभारी हूं।



- कहा, प्रेस रिलीज से लेकर इंस्टा रील तक मैंने मीडिया संवाद का एक लंबा दौर देखा
- आज का भारत ऐसे लक्ष्यों को भी हासिल कर रहा है, जिन्हें कभी असंभव माना जाता था: मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां नई पीढ़ी के बहुत से साथी है। लेकिन जो पुराने लोग हैं, वो जानते हैं कि मेरा लंबे समय से आप सब की दुनिया के साथ एक सहज संबंध रहा है। प्रेस रिलीज से लेकर इंस्टा रील तक मैंने मीडिया संवाद का एक लंबा दौर देखा है। मुझे याद है कि 90 के दशक की शुरुआत में मुझे दो बड़ी यात्राओं में, देशभर में व्यवस्था के लिए एक दायित्व मिला था और ये वो दौर था, जब प्रेस रिलीज भेजने के लिए भी फैक्स मशीन ढूंढनी पड़ती थी। जब मैं दिल्ली आया तो भी, ये दायित्व मेरे पास था और तब अशोका रोड वाले ऑफिस से पार्टी चलती थी। और उस समय भी ये दिवाली मिलन होते रहते थे। और उस समय मेरा काम ऐसे दीवाली मिलन में कुर्सी लगाना, आप सभी लोगों की आवभगत करना वही काम मेरा रहता था। लेकिन तब कैमरे कम थे, लेकिन संबंधों की आत्मीयता वैसी ही थी। गेस्ट को-ऑर्डिनेशन से लेकर, न्यूज डेस्क और कैमरापर्सन तक हर जगह मेरा एक प्रकार से निकटता का जान पहचान का वो बड़ा उमंग भरा वो माहौल रहता था। और उस एक्सपीरियंस से मैंने बहुत सीखा है। तब के मेरे बहुत से अनुभव आज भी बहुत काम आते हैं।

सरकार को दो-तिहाई बहुमत का भरोसा

परिसीमन बिल पारित कराने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाएगी सरकार



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार महिला आरक्षण लागू करने से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए जल्द ही संसद का विशेष सत्र बुला सकती है। प्रस्तावित संशोधन के तहत परिसीमन के जरिए लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों की संख्या बढ़ाकर अधिकतम 850 करने की योजना है। विधेयक पारित होने पर संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का रास्ता साफ हो जाएगा। सरकार इसे 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले लागू करना चाहती है। सरकार को भरोसा है कि विधेयक पारित कराने के लिए जरूरी संख्या उसके पास है। उसे उम्मीद है कि प्रस्ताव 15 से 18 वोटों के अंतर से पारित हो सकता है। संविधान संशोधन विधेयक के लिए लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत यानी 361 मतों की जरूरत होगी। 543 सदस्यीय सदन में फिलहाल तीन सीटें खाली हैं।

- *लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव*

सरकार ने 17 अप्रैल को बजट सत्र के दौरान भी यह विधेयक पारित कराने की कोशिश की थी, लेकिन जरूरी बहुमत नहीं मिलने के कारण उसे सफलता नहीं मिली थी। नए प्रस्ताव में सभी राज्यों की लोकसभा सीटों में 50 प्रतिशत तक वृद्धि करने की योजना है। साथ ही 1971 की जनगणना के आधार पर राज्यों के बीच सीटों के मौजूदा अनुपात को बनाए रखने का प्रस्ताव है, ताकि दक्षिण भारतीय राज्यों की चिंताओं को दूर किया जा सके।

नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित कृषि सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

किसानों की आय बढ़ाना, खेती की लागत घटाना और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन देना सरकार की प्राथमिकता: नायब

कहा, हरियाणा का किसान अपनी मेहनत और पसीने से देश के अन्न भंडार भरने में निभा रहा अहम भूमिका

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा की संस्कृति और कृषि एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी हुई हैं। हरियाणा का किसान अपनी मेहनत और पसीने के बल पर देश के अन्न भंडार भरने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। प्रदेश के किसानों ने कृषि क्षेत्र में अपनी मेहनत से हरियाणा को एक अलग पहचान दिलाई है। मुख्यमंत्री



नायब सिंह सैनी नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कृषि सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान, फसल की उचित कीमत, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य और फसल विविधीकरण के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। सरकार का प्रयास है कि किसान केवल पारंपरिक खेती तक सीमित न रहें, बल्कि आधुनिक तकनीक, नई फसलों और कृषि आधारित उद्योगों को अपनाकर अपनी आमदनी में वृद्धि करें। सैनी ने कहा कि प्रदेश के मेहनती किसानों ने अपनी लगन और परिश्रम से न केवल हरियाणा को कृषि के क्षेत्र में अग्रणी बनाया, बल्कि देश के खाद्यान्न भंडार को भरने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच हमेशा किसान की आर्थिक स्थिति मजबूत करने की रही है।

दो महिलाओं से कथित संबंधों और चीनी जासूसी के आरोपों ने बढ़ाया संकट

एनवीडिया के सीईओ जेन्सन हुआंग का इस्तीफा, 33 साल बाद छोड़ा पद

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिप बनाने वाली दुनिया की दिग्गज कंपनी एनवीडिया में बड़ा नेतृत्व परिवर्तन हुआ है। कंपनी के सह-संस्थापक और करीब 33 साल से सीईओ का पद संभाल रहे जेन्सन हुआंग ने इस्तीफा दे दिया है। उनके इस फैसले के पीछे हनीट्रैप विवाद और कथित व्यक्तिगत संबंधों को लेकर उठे सवालों को प्रमुख वजह माना जा रहा है। 63 वर्षीय हुआंग के खिलाफ दो महिलाओं से कथित विवाहेतर संबंधों की जानकारी सामने आई थी।



- बोर्ड की बैठक के बाद नेतृत्व में बदलाव
- उत्तराधिकारी को लेकर अटकलें तेज

अब कोलेट क्रेस अंतरिम सीईओ

कंपनी ने नए लीडरशिप की व्यवस्था का भी ऐलान कर दिया है। कंपनी की कमान मौजूदा सीएफओ कोलेट क्रेस संभालेंगी। उन्हें अंतरिम सीईओ बनाया गया है। वहीं, कंपनी ने स्थायी सीईओ की तलाश भी शुरू कर दी है।



हरियाणा में गेहूं की बिजाई के समय किसानों को खेतों के बजाय धरनों पर बैठना पड़ रहा: सैलजा

- कहा, सिंचाई और पेयजल के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी
- यमुना और घग्गर नदियों को जोड़ने की संभावनाओं पर केंद्र सरकार गंभीरता से करे विचार; केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को पहले भी दिया था सुझाव : कांग्रेस सांसद

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने सिंचाई के पानी की पर्याप्त उपलब्धता की मांग को लेकर फतेहाबाद में आंदोलन कर रहे सिरसा, हिसार और फतेहाबाद जिलों के किसानों की मांगों का समर्थन किया है। सांसद ने कहा कि प्रदेश के किसानों को समय पर पर्याप्त सिंचाई जल और आम नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना केंद्र एवं राज्य सरकारों की बुनियादी जिम्मेदारी है। कुमारी सैलजा ने कहा कि इस समय गेहूं की बिजाई का महत्वपूर्ण सीजन चल रहा है। किसानों को अपने खेतों में बुवाई और फसलों की देखभाल करनी चाहिए, लेकिन पानी की समस्या के कारण उन्हें धरने, प्रदर्शन और आंदोलन करने पड़ रहे हैं। यह स्थिति चिंताजनक है। सरकार को किसानों की समस्याओं का समाधान बातचीत और ठोस प्रशासनिक कदमों के माध्यम से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले उन्होंने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री के समक्ष हरियाणा की दीर्घकालीन जल समस्या के समाधान के लिए यमुना नदी को घग्गर नदी से जोड़ने की संभावनाओं का अध्ययन कराने का सुझाव रखा था। इस प्रस्ताव पर तकनीकी व्यवहार्यता, पर्यावरणीय प्रभाव, जल उपलब्धता और संबंधित राज्यों के हितों को ध्यान में रखते हुए गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

केस डायरी, जांच रिपोर्ट और चार्जशीट बनाने तक बड़े-बड़े काम संभालेगी तकनीक

तकनीक को अपनाने में भारत बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है

हैदराबाद के पास पंजागुट्टा पुलिस स्टेशन बनेगा देश का पहला एआई पुलिस थाना

एजेंसी ▸▸ हैदराबाद

सरकारी विभागों में अब एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। तेलंगाना में हैदराबाद के पास पंजागुट्टा पुलिस स्टेशन को भारत के पहले एआई बेस्ड पुलिस स्टेशन के तौर पर तैयार किया जा रहा है। अगले महीने दिसंबर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत भारत के पहले एआई पुलिस स्टेशन का कामकाज शुरू हो सकता है जिसमें शिकायत दर्ज करने से लेकर चार्जशीट बनाने तक जरूरी कामों में एआई का उपयोग किया जाएगा। एआई के क्षेत्र में भले ही मुख्य प्रतिस्पर्धा अमेरिका और चीन के बीच होती है, लेकिन इस तकनीक को अपनाने में भारत बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी रिपोर्ट में भारत तीसरे स्थान पर है।



अगले महीने दिसंबर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत भारत के पहले एआई पुलिस स्टेशन का कामकाज शुरू हो सकता है



एआई इमेज

10 भाषाओं में शिकायत देने की सुविधा: इस पुलिस स्टेशन में कई सुविधाओं को पहले ही शुरू कर दिया गया है। इन्हीं में से एक है सेतु कियोस्क। इसकी मदद से लगभग 10 भाषाओं में इस पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। जो लोग स्थानीय भाषा नहीं जानते, उन्हें इस सुविधा से काफी मदद मिलती है।

प्रमुख कामों में एआई का उपयोग

पुलिस कमिश्नर सज्जनार ने हाल ही में इस पुलिस स्टेशन का निरीक्षण किया। अगले महीने डीजीपी सीवी आनंद, पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पंजागुट्टा पुलिस स्टेशन के कामकाज में एआई के यूज की शुरुआत करेंगे। दावा है कि इस पुलिस स्टेशन को देश के पहले एआई-बेस्ड पुलिस स्टेशन के तौर पर डेवलप किया जा रहा है। कामकाज में एआई का शामिल किया जा रहा है, ताकि पुलिसऔर आम नागरिकों दोनों को फायदा मिले। आने वाले दिनों में शिकायत दर्ज करने से लेकर केस डायरी बनाने, जांच रिपोर्ट तैयार करने और चार्जशीट फाइल करने से कामों में एआई का उपयोग होगा।

पहले प्रयास में सहकारिता निरीक्षक, दूसरे में राजस्थान पुलिस सेवा में चयन; सिरोही के गोयली गांव के बृजेश परमार ने असफलताओं को पीछे छोड़ लिखी कामयाबी की नई कहानी

12वीं में भौतिकी और रसायन में 3-3, गणित में सिर्फ 4 अंक; अब दूसरे प्रयास में बने पुलिस उपाधीक्षक

कभी पढ़ाई छोड़ने का बना लिया था मन, फिर नृत्य की दुनिया में बनाई पहचान; कोरोना काल में बदली जिंदगी की दिशा और मेहनत से हासिल की बड़ी सफलता

थिंक राजस्थान • सिरोही

बारहवीं की परीक्षा में भौतिक विज्ञान में महज 3 अंक, रसायन विज्ञान में भी 3 अंक और गणित में सिर्फ 4 अंक। इसके बाद स्नातक के प्रथम वर्ष में भी असफलता। परीक्षा कक्ष में आधे घंटे से अधिक बैठना मुश्किल और पढ़ाई से ऐसा मोहभंग कि किताबों से हमेशा के लिए नाता तोड़ने का मन बना लिया। ऐसे विद्यार्थी के बारे में शायद ही कोई कल्पना कर सकता था कि एक दिन वह राजस्थान की प्रतिष्ठित प्रशासनिक प्रतियोगी परीक्षा में लगातार दो बार सफलता हासिल करेगा और पुलिस उपाधीक्षक के पद तक पहुंचेगा। लेकिन सिरोही जिले के गोयली गांव के बृजेश परमार ने इसी असंभव लगने वाली कहानी को सच कर दिखाया है।

कभी पढ़ाई में मिली असफलताओं से निराश बृजेश ने पहले नृत्य की दुनिया में अपनी प्रतिभा साबित की। देश-विदेश के नामी नृत्य निर्देशकों के साथ काम किया और बॉलीवुड तक अपनी पहचान बनाई। फिर जिंदगी ने ऐसी करवट ली कि उन्होंने वर्षों बाद दोबारा किताबें उठाईं। इस बार न कोई भ्रम था और न लक्ष्य को लेकर कोई असमंजस। नतीजा यह रहा कि पहले ही प्रयास में राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2023 उत्तीर्ण कर सहकारिता निरीक्षक के पद पर चयनित हुए। यहीं नहीं रुके। दूसरे प्रयास में वर्ष 2024 की परीक्षा में फिर सफलता हासिल की और इस बार राजस्थान पुलिस सेवा में चयन के साथ पुलिस उपाधीक्षक का पद प्राप्त किया। उनकी कहानी साबित करती है कि परीक्षा में मिले अंक किसी व्यक्ति की पूरी प्रतिभा और भविष्य का फैसला नहीं कर सकते।



प्रतिभा थी, लेकिन सही मार्गदर्शन नहीं मिला

बृजेश मूल रूप से सिरोही जिले के गोयली गांव के रहने वाले हैं। वर्ष 2011 से उनका परिवार कोटा में निवास कर रहा है। पिता केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में सहायक उपनिरीक्षक हैं और माता गृहिणी हैं। पिता की नौकरी में देशभर में स्थानांतरण होते रहने के कारण बचपन में उन्हें परिवार के साथ अपेक्षाकृत कम समय बिताने का अवसर मिला। बृजेश बचपन से जिज्ञासु और रचनात्मक सोच वाले विद्यार्थी थे। उन्हें नई बातें जानना और सवाल पूछना पसंद था, लेकिन पढ़ाई के महत्वपूर्ण मोड़ पर सही मार्गदर्शन नहीं मिल पाया। उन्हें यह तक स्पष्ट नहीं था कि ग्यारहवीं कक्षा में अलग-अलग संकायों का चयन क्यों और कैसे किया जाता है। दूसरे विद्यार्थियों को देखकर उन्होंने भी विज्ञान संकाय में गणित विषय चुन लिया। यहीं से मुश्किलें शुरू हुईं। विषयों में रुचि और समझ विकसित नहीं हो पाई। पढ़ाई बोझ लगने लगी और आत्मविश्वास कमजोर पड़ता गया। बारहवीं की परीक्षा में भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान में 3-3 तथा गणित में महज 4 अंक आए। वे परीक्षा में असफल हो गए। यह उनके जीवन का पहला बड़ा झटका था।

परीक्षा कक्ष में घुटन होती, आधे घंटे में खाली कॉपी छोड़ आते

बारहवीं में असफल होने के बाद बृजेश ने कला संकाय से पढ़ाई आगे बढ़ाई, लेकिन तब तक उनका पढ़ाई से भरोसा लगभग उठ चुका था। वे स्वयं को पढ़ाई के योग्य नहीं समझने लगे थे। स्नातक प्रथम वर्ष की परीक्षा के दौरान हालात ऐसे थे कि कई बार महज आधे घंटे में उत्तर पुस्तिका लगभग खाली छोड़कर परीक्षा कक्ष से बाहर आ जाते थे। उन्हें परीक्षा कक्ष में बेचैनी और घुटन महसूस होती थी। नतीजा यह हुआ कि वे स्नातक प्रथम वर्ष में भी असफल हो गए। लगातार असफलताओं ने उन्हें इस कदर निराश किया कि पढ़ाई हमेशा के लिए छोड़ने का मन बना लिया। इसी बीच एक शिक्षक ने उन्हें समझाया कि कम से कम स्नातक की डिग्री अवश्य पूरी करनी चाहिए। शिक्षक की सलाह ने उन्हें पढ़ाई से पूरी तरह नाता तोड़ने से रोक लिया। हालांकि, उस समय प्रशासनिक सेवा में जाने का कोई सपना उनकी आंखों में नहीं था।

किताबों से दूर हुए तो नृत्य में तलाश लिया अपना भविष्य

पढ़ाई में भले ही बृजेश को निराशा मिली, लेकिन उनके भीतर की रचनात्मक प्रतिभा जीवित थी। बचपन से नृत्य के प्रति गहरा लगाव था। उन्होंने इसी रुचि को अपनी पहचान बनाने का जरिया चुना और पेशेवर प्रशिक्षण के लिए दिल्ली पहुंच गए। दिल्ली में प्रसिद्ध नृत्य प्रशिक्षक एश्ले लोबो की संस्था 'द डांसवर्क्स' से पेशेवर नृत्य का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम पूरा किया। यहां उन्होंने कंटेम्परारी, जैज, बैले और आधुनिक नृत्य की विभिन्न शैलियों का प्रशिक्षण लिया। इस दौरान अमेरिका, जर्मनी, इटली, इजराइल और मैक्सिको सहित विभिन्न देशों के नृत्य निर्देशकों के साथ काम करने और सीखने का अवसर मिला। प्रतिभा के बल पर उनका चयन 'नवधारा इंडिया डांस थिएटर' में हुआ। इस संस्था से जुड़कर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाली नृत्य मंडली का अनुभव प्राप्त किया। बाद में प्रसिद्ध नृत्यांगना एवं कोरियोग्राफर शक्ति मोहन की टीम में भी जगह बनाई। यहां से उन्हें बॉलीवुड, फिल्म कलाकारों और प्रतिष्ठित नृत्य निर्देशकों के साथ काम करने के अवसर मिले। एक समय खुद को पढ़ाई के योग्य नहीं समझने वाला युवक अब कला की दुनिया में अपनी मेहनत से पहचान बना चुका था। नृत्य ने न केवल उन्हें नई दिशा दी, बल्कि अपनी क्षमताओं पर विश्वास करना भी सिखाया।

लॉकडाउन में एक वीडियो ने फिर किताबों से जोड़ा रिश्ता

कोरोना महामारी के दौरान लगे लॉकडाउन ने बृजेश की जिंदगी की दिशा बदल दी। नृत्य से जुड़ी गतिविधियां प्रभावित होने पर उन्हें घर लौटना पड़ा। इसी दौरान इंटरनेट पर वीडियो देखते हुए उनकी नजर भारतीय प्रशासनिक सेवा और राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की सफलता की कहानियों पर पड़ी। उन्होंने अधिकारियों की जिम्मेदारियों, प्रशासनिक व्यवस्था और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में जानना शुरू किया। धीरे-धीरे उस पढ़ाई में दोबारा रुचि जागने लगी, जिससे कभी वे पूरी तरह दूर हो चुके थे। इस बार उन्होंने किसी दूसरे को देखकर विषय या करियर नहीं चुना, बल्कि सोच-समझकर अपना लक्ष्य निर्धारित किया। *19 अप्रैल 2022 को बृजेश ने राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी शुरू की।* यही तारीख उनके जीवन का निर्णायक मोड़ साबित हुई।

तीन साल लक्ष्य के नाम, कोचिंग में बने अव्वल विद्यार्थी

बृजेश ने इस बार अपनी पुरानी असफलताओं को कमजोरी बनाने के बजाय उनसे सीख ली। उन्होंने वर्ष 2022 से 2025 के बीच अपना अधिकांश समय अध्ययन को समर्पित कर दिया। अनावश्यक गतिविधियों और मेल-मिलाप से दूरी बनाई। नियमित अध्ययन, विषयों की समझ और निरंतर अभ्यास को अपनी तैयारी का आधार बनाया। जिस विद्यार्थी को कभी परीक्षा कक्ष में आधे घंटे बैठना मुश्किल लगता था, वही अब घंटों किताबों में डूबा रहने लगा। मेहनत का परिणाम यह हुआ कि वे कोचिंग में अपने बैच के अव्वल विद्यार्थी बन गए। इससे उनका खोया हुआ आत्मविश्वास लौटने लगा। अब उन्हें लगने लगा था कि कभी परीक्षा में असफल होना उनकी बौद्धिक क्षमता की सीमा नहीं थी। जरूरत सही दिशा और निरंतर परिश्रम की थी।

पहली सफलता सहकारिता निरीक्षक, दूसरी बार पुलिस उपाधीक्षक

लगातार मेहनत के बाद बृजेश ने राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2023 में पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की। इस चयन में उन्हें *सहकारिता निरीक्षक* का पद मिला। यह उपलब्धि उस युवक के लिए विशेष थी, जिसने कभी पढ़ाई छोड़ देने का निर्णय लगभग कर लिया था। लेकिन बृजेश का लक्ष्य इससे आगे था। उन्होंने तैयारी जारी रखी और वर्ष 2024 की अगली प्रतियोगी परीक्षा में भी सफलता हासिल की। इस बार उनका चयन *राजस्थान पुलिस सेवा में हुआ और पुलिस उपाधीक्षक का पद मिला। इस तरह एक समय बारहवीं में विज्ञान के प्रमुख विषयों में बेहद कम अंक लेकर असफल होने वाले बृजेश ने लगातार दो प्रयासों में सरकारी सेवा के दो महत्वपूर्ण पदों तक पहुंचने का सफर तय किया।

असफलता से हार नहीं, उससे सीखना ही जीत

बृजेश परमार की कहानी केवल प्रतियोगी परीक्षा में चयन की कहानी नहीं है। यह गलत विषय चयन, मार्गदर्शन के अभाव, लगातार असफलताओं, आत्मविश्वास के टूटने और फिर स्वयं को नए सिरे से खड़ा करने की कहानी है। उनकी यात्रा में एक महत्वपूर्ण संदेश भी छिपा है। हर विद्यार्थी की प्रतिभा एक जैसी नहीं होती। किसी की रुचि विज्ञान में होती है, किसी की साहित्य में, तो किसी की कला में। एक परीक्षा में असफल होने का मतलब यह नहीं कि विद्यार्थी जीवन के हर क्षेत्र में असफल रहेगा। बृजेश ने पहले अपनी कला को पहचाना, उसमें सफलता हासिल की और फिर नए आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई की दुनिया में लौटे। उन्होंने साबित किया कि जीवन में रास्ता बदलना हार नहीं है और नई शुरुआत करने के लिए कभी देर नहीं होती। बारहवीं में 3, 3 और 4 अंक पाने वाले बृजेश की कहानी आज उन हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो किसी परीक्षा में असफल होने के बाद अपनी क्षमताओं पर संदेह करने लगते हैं। उनकी सफलता का सबसे बड़ा सबक यही है कि एक खराब परिणाम आपका अतीत हो सकता है, लेकिन उसे अपना भविष्य बनने देना या नहीं बनने देना आपके हाथ में है।

ब्रीफ न्यूज

घर में घुसकर परिवार पर हमला, महिलाओं की लज्जा भंग

थिंक राजस्थान • आऊ

भोजासर थाना क्षेत्र के नोखड़ा भाटियान गांव में घर में घुसकर एक परिवार पर हमला करने और महिलाओं से अभद्रता का मामला सामने आया है। परिवादी ने गांव के ही 16 लोगों पर एकराय होकर घर में घुसने, परिवार के सदस्यों से मारपीट करने, महिलाओं के कपड़े फाड़ने और उनके गहने तोड़ने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट में पिस्टल से फायर करने और रायफल दिखाकर परिवार को डराने के साथ मोबाइल चोरी करने की बात भी कही गई है। पुलिस के अनुसार नोखड़ा भाटियान निवासी देवीसिंह (55) पुत्र राजसिंह ने रिपोर्ट दी कि वह घर पर था। इसी दौरान सुमेरसिंह पुत्र मेहताबसिंह, भीमसिंह, खींवसिंह, भंवरसिंह, मूलसिंह, रमेशसिंह, रणजीतसिंह सहित 16 लोग घर में घुस आए और परिवार के सदस्यों से मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने उसकी पत्नी सरोज कंवर, अन्य महिलाओं और बच्चों के साथ भी मारपीट की। महिलाओं के लज्जा भंग और अश्लील भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप है। इस दौरान हाथों की चूड़ियां तोड़ने के साथ गले से कंठी और मंगलसूत्र भी तोड़ दिए। परिवादी के अनुसार बीच-बचाव करने आए लोगों ने हस्तक्षेप कर परिवार को आरोपियों से छुड़ाया।

रात में भी दिया स्वच्छता का संदेश

थिंक राजस्थान • बिलाड़ा

स्वच्छता के प्रति समर्पण हो तो समय और परिस्थितियां भी बाधा नहीं बनतीं। इसी संकल्प के साथ स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर रतन सरगरा ने रात्रिकालीन स्वच्छता अभियान चलाकर सोजती गेट बस स्टैंड पर श्रमदान किया। उन्होंने एक घंटे तक सार्वजनिक स्थल की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। रात के समय सफाई करते रतन को देखकर लोगों ने उनके प्रयासों की सराहना की। रतन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान से प्रेरित होकर उन्होंने करीब 11 वर्ष पहले इस मुहिम की शुरुआत की थी।

राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए प्रशिक्षण शिविर शुरू

थिंक राजस्थान • बिराई

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिराई में 70वीं राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए 12 से 15 नवंबर तक पूर्व प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। शारीरिक शिक्षक बिरमाराम माली ने बताया कि राजस्थान के 41 जिलों से चयनित 32 खिलाड़ी शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। 16 नवंबर 2026 को राजस्थान की छात्र एवं छात्रा टीमें राष्ट्रीय स्कूली सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चंडीगढ़ रवाना होंगी। शिविर में खेल विशेषज्ञ रमेश वर्मा, पुखराज परिहार, आरती सेन, ममता जांगू, निर्मल कंवर, आर्यवीर सिंह टाक और राममूर्ति खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों का प्रशिक्षण दे रहे हैं।

हजारों ऑर्डर पढ़कर तैयार किए फर्जी जमानत आदेश: पिता को गिरफ्तारी से बचाने हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किए

कनाडा में IT कंपनी में करता है काम

थिंक राजस्थान • जोधपुर



पिता को गिरफ्तारी से बचाने के लिए बेटे ने हजारों अदालती आदेशों का अध्ययन कर फर्जी जमानत आदेश तैयार किए और हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए। आरोपी कनाडा का आईटी कंपनी में नौकरी करता है। जोधपुर की कुड़ी भगतासनी थाना पुलिस दोनों को लुधियाना (पंजाब) से पकड़कर जोधपुर लाई और कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को 19 नवंबर तक पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पूछताछ में सामने आया कि मनप्रीत सिंह अपने पिता कुलविंदर सिंह को गिरफ्तारी से बचाने के लिए कनाडा से आया था। उसने पब्लिक डोमेन पर मौजूद हजारों आदेशों की स्टडी की। दरअसल, 12, 15 और 26 अक्टूबर 2026 को तीन कथित जमानत आदेशों का मामला सामने आया था। न्यायिक रिकॉर्ड की जांच में पता चला कि इन तारीखों पर संबंधित मामले कोर्ट में सूचीबद्ध नहीं थे और कोई आदेश भी पारित नहीं हुआ था। कोर्ट ने इन आदेशों को फर्जी बताया था। इसके बाद हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार (न्यायिक) नरेंद्र कुमार ने जोधपुर के कुड़ी भगतासनी थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। मामले में SIT भी बनाई गई थी। कुड़ी थानाधिकारी ईश्वर चंद्र पारीक और SIT ने मामले की जांच की और 10 नवंबर को आरोपी पिता-पुत्र को पंजाब के लुधियाना से डिटेन कर लिया। इसके बाद दोनों को जोधपुर लाकर गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी मनप्रीत ने पुलिस पूछताछ में बताया- वह साल 2018 से कनाडा में रह रहा है। अभी अच्छे पैकेज पर आईटी कंपनी ऑक्सीजन फोरेंसिक में काम रहा है। उसने पिता कुलविंदर सिंह के फर्जी जमानत आदेश तैयार करने के लिए पहले पूरी विधिक प्रक्रिया की स्टडी की। इसके साथ ही पब्लिक डोमेन में मौजूद पहले के हजारों आदेश डाउनलोड कर उनका अध्ययन किया और फर्जी आदेश तैयार किए। इसके बाद हाईकोर्ट की वेबसाइट की रिसर्च और उसकी प्रोसेस समझकर 12 अक्टूबर, 15 अक्टूबर और 26 अक्टूबर को हाईकोर्ट की वेबसाइट पर फर्जी आदेश अपलोड कर दिए। उसने सूरतगढ़ अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश कोर्ट के सामने खुद के बनाए फर्जी आदेश भी पेश कर दिए थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, नवंबर 2025 को कुलविंदर एनडीपीएस मामले में श्रीगंगानगर के राजियासर में पकड़ा गया था। इस मामले में उसे जमानत मिल गई थी। अब उसके बेटे ने 30 दिन की अंतरिम जमानत के फर्जी आदेश बनाए, जिसमें कुलविंदर की पत्नी की बीमारी का हवाला दिया गया।

डीआरएम ने राईकाबाग स्टेशन की व्यवस्थाएं जांचीं

थिंक राजस्थान • जोधपुर

दीपावली के बाद घर लौटने और छठ पूजा के लिए ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए जोधपुर मंडल ने स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं और भीड़ प्रबंधन की निगरानी तेज कर दी है। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने राईकाबाग रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, पेयजल, साफ-सफाई और पुरुष-महिला शौचालयों की व्यवस्थाएं देखीं। स्वच्छता बनाए रखने, शौचालयों की नियमित सफाई और यात्रियों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने स्टेशन मास्टर पैनल रूम में पॉइंट्समैन से संवाद कर ट्रेन संचालन और परिचालन संबंधी चुनौतियों की जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों को सतर्कता और आपसी समन्वय से काम करने को कहा। डीआरएम ने यात्रियों से भी बातचीत कर सुविधाओं का फीडबैक लिया और उनके सुझावों के आधार पर आवश्यक सुधार कराने के निर्देश दिए।

तीन दिवसीय सामूहिक तेला तप आराधना आज से

जोधपुर। आचार्यप्रवर हीराचंद्र के 64वें दीक्षा दिवस पर 13 से 15 नवंबर तक तीन दिवसीय सामूहिक तेला तप आराधना होगी। आयोजन महेंद्र मुनि के सान्निध्य में होंगे। 15 नवंबर को कार्तिक शुक्ल षष्ठी पर दीक्षा दिवस मनाया जाएगा। हितैषी श्रावक संघ के अध्यक्ष नवर डागा ने बताया कि तीन दिवसीय आराधना में श्रद्धालु अपनी सामर्थ्य और श्रद्धा के अनुसार उपवास, तेला और एकासन सहित विभिन्न तपस्याएं करेंगे।

भीनमाल-जुंजाणी मार्ग पर ग्रामीणों ने लगाया जाम, सड़क का काम शुरू कराने की मांग, धरने पर बैठे लोग

थिंक राजस्थान • भीनमाल



भीनमाल-जुंजाणी मुख्य सड़क MDR-26 के स्वीकृत निर्माण कार्य में लगातार हो रही देरी से नाराज ग्रामीणों का आक्रोश अब सड़क पर उतर आया है। सड़क निर्माण कार्य तत्काल शुरू करवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने भीनमाल-जुंजाणी मार्ग बंद कर दिया।

स्वामी दिव्य स्वरूप दास महाराज के नेतृत्व में ग्रामीणों ने धरना दिया। मार्ग बंद होने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं तथा आवागमन प्रभावित हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि भीनमाल से जुंजाणी को जोड़ने वाला MDR-26 मार्ग क्षेत्र के अनेक गांवों के हजारों नागरिकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सड़क निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी होने तथा वन विभाग की अनापत्ति (NOC) सहित आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण होने के बावजूद सार्वजनिक निर्माण विभाग इस कार्य को शुरू नहीं कर रहा है। NOC जारी हुए चार माह से अधिक समय बीतने के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं होने से क्षेत्रवासियों में भारी निराशा एवं रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों के अनुसार वर्तमान सड़क मार्ग की खराब स्थिति एवं दूरी के कारण भीनमाल पहुंचने में लगभग 40 से 45 मिनट का समय लगता है। सड़क का निर्माण एवं सुधार होने पर यही सफर लगभग 10 मिनट में पूरा हो सकता है। सड़क की बदहाल स्थिति से छात्रों, किसानों, व्यापारियों एवं नौकरीपेशा लोगों को प्रतिदिन परेशानी उठानी पड़ रही है। सबसे गंभीर समस्या चिकित्सा सुविधाओं को लेकर है। गर्भवती महिलाओं एवं आपातकालीन मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में देरी होने से उनकी जान पर खतरा बना रहता है। दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को भी समय पर उपचार नहीं मिल पाने की आशंका रहती है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से भीनमाल-जुंजाणी सड़क निर्माण में हो रही देरी की उच्च स्तरीय जांच करवाने, संबंधित विभागों से जवाब तलब करने तथा निर्माण कार्य तत्काल शुरू करवाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सभी आवश्यक स्वीकृतियां एवं प्रक्रियाएं पूर्ण होने के बावजूद सड़क निर्माण में देरी समझ से परे है। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करवाकर क्षेत्रवासियों को राहत दिलाना जनहित में अत्यंत आवश्यक है।

महादेव मंदिर में चोरी का 13-दिन बाद भी खुलासा नहीं: लोगों ने SP को सौंपा ज्ञापन

थिंक राजस्थान • जालोर

शहर के रेलवे स्टेशन रोड पर नहर के पास स्थित मंडलेश्वर महादेव मंदिर में हुई चोरी की वारदात का 13 दिन बाद भी खुलासा नहीं हुआ। जिसे लेकर श्रद्धालुओं और समाज के लोगों में रोष है। चोरी का खुलासा करने और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग को लेकर मंदिर कमेटी और अन्य लोगों ने एसपी को ज्ञापन सौंपा। 31 अक्टूबर की शाम करीब 5 बजे मंदिर के ताले टूटे हुए मिले थे। मंदिर के गर्भगृह में लोहे का सरिया पड़ा हुआ था। आशंका है कि चोरों ने सरिए की मदद से ताले तोड़कर मंदिर में प्रवेश किया और वहां रखी चांदी की सामग्री चुरा कर ले गए। चोर मंदिर से करीब 500 ग्राम चांदी का छत्र और चांदी का त्रिशूल लेकर गए। मंदिर में अन्य सामग्री भी अस्त-व्यस्त मिली थी। 70 से 80 हजार रुपए भी चोरी होने का अनुमान हैं। मंदिर कमेटी के लोगों ने बताया- घटना के दिन ही पुलिस को रिपोर्ट देकर कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन अब तक चोरी का खुलासा नहीं हुआ है।

यूनियन बैंक ने मनाया 108वां स्थापना दिवस, राष्ट्रीय रक्षा कोष में दिए 11.17 करोड़



थिंक राजस्थान • उदयपुर। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने बुधवार को अपना 108वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर उदयपुर के अशोका ग्रीन गार्डन में बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से समारोह आयोजित किया गया। बैंक की स्थापना 11 नवंबर 1919 को हुई थी। समारोह में क्षेत्र प्रमुख धीरज शर्मा, क्षेत्रीय एश्योरेंस प्रमुख पारस नाथ मिश्रा सहित बैंक कर्मचारी, ग्राहक, पेंशनधारक और अन्य अतिथि मौजूद रहे। स्थापना दिवस पर बैंक कर्मचारियों ने देश की रक्षा में जुटे सैनिकों के सम्मान में राष्ट्रीय रक्षा कोष में 11.17 करोड़ रुपए का योगदान दिया। वहीं, सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के लिए 13.72 करोड़ रुपए दिए। इस अवसर पर बैंक ने डिजिटल कॉर्पोरेट सैलरी अकाउंट, यूपीआई ग्लोबल, ऑनलाइन लॉकर, एम-पासबुक, डिजिटल ऋण, एनपीएस तत्काल और रिटेल इंटरनेट बैंकिंग सहित कई नई सेवाएं शुरू कीं। समारोह में बैंक की विरासत, ग्राहक सेवा, तकनीकी नवाचार और वित्तीय समावेशन के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई गई।

बीकानेर में बेलगाम दौड़ रहे टिपर: ब्रह्माकुमारी सर्किल पर कार को मारी टक्कर

थिंक राजस्थान • बीकानेर

नगर निगम के कचरा संग्रहण टिपरों की बेपरवाह रफ्तार शहरवासियों के लिए खतरा बनती जा रही है। इन टिपरों के कारण हादसों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। ताजा मामला ब्रह्माकुमारी सर्किल स्थित हनुमान मंदिर के पास का है जहां गुरुवार सुबह कचरा संग्रहण करने वाले एक टिपर ने कार को टक्कर मार दी जिससे एक महिला घायल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टिपर चालक नशे की हालत में था। सूचना पर पार्षद मनोज विश्नोई पहुंचे और चालक को बैठा कर निगम आयुक्त से संपर्क साधा। फोन रिसीव न होने पर उन्होंने उपायुक्त से बात कर रोष जताया। पार्षदों ने आरोप लगाया कि प्रभावशाली राजनीतिक संरक्षण के चलते कार्रवाई नहीं हो रही। जबकि टिपर वाहनों की चपेट में आने से पूर्व में बुजुर्ग केशव दत्त आचार्य अपनी जान गंवा चुके हैं और कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। पहले भी एक टिपर चालक ने गलत दिशा में वाहन चलाकर मोटरसाइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी थी, जिसे गंभीर हालत में पीबीएम अस्पताल ले जाया गया था। बिना नंबर, आरसी और ड्राइविंग लाइसेंस के दौड़ रहे इन वाहनों पर लगाम न कसना प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े करता है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हादसों को लेकर लगातार बढ़ते विरोध और प्रशासनिक दबाव के बीच कचरा संग्रहण करने वाली कंपनी ने कुछ समय पूर्व ही लगभग 80 कार्मिकों की छंटनी कर दी थी। हालांकि इसके बावजूद टिपर चालकों की लापरवाही और सड़क पर हो रहे हादसों पर पूरी तरह लगाम नहीं लग पाई है, जिससे आमजन में आक्रोश व्याप्त है। इसकी मुख्य दो वजह हैं। ज्यादातर टिपरों में ड्राइवर के साथ उनके छोटे बच्चे आगे बैठे रहते हैं। ड्राइवर का ध्यान उन बच्चों पर रहता है। दूसरा ज्यादातर ड्राइवर नशे के शौकीन है। तीसरा कारण ईवी गाड़ियां हैं जिनका पिकअप अचानक से बनता है। पूरा निगम प्रशासन भ्रष्ट है। कमिश्नर से लेकर सब अपनी जेबें भरने में लगे हैं। उल्टा-सीधा टेंडर कर जेबें भर रहे हैं। इनको कोई मतलब नहीं कि लोग मरें या जिएं। अब अति कर दी है। जल्दी ही अब इनको सबक सिखाना पड़ेगा।

पीड़ित परिवार को न्याय के लिए आयुक्त को सौंपा ज्ञापनः गुरुवार को टिपर एक्सीडेंट में जान गंवाने वाले स्व. केशवदत्त आचार्य के परिजनों और स्थानीय पार्षदों का एक प्रतिनिधिमंडल न्याय की मांग को लेकर नगर निगम आयुक्त से मिला। पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. बी डी कल्ला ने भी नगर निगम कमिश्नर से बात की। कल्ला ने केशव आचार्य के टिपर से दुर्घटना के बाद निधन पर रोष जताया। केशव के परिवार को उचित मुआवजा देने, टिपर चालक पर कार्रवाई करने की मांग की। आयुक्त ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पार्षद दीपक व्यास के लेटरपैड पर सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या और हिट एंड रन का मामला दर्ज किया जाए। दुर्घटना में संलिप्त वाहन को तत्काल प्रभाव से सीज किया जाए। मृतक के पीड़ित परिवार को निगम या संबंधित ठेका कंपनी द्वारा उचित मुआवजा और आश्रित को नौकरी दी जाए। ज्ञापन देने वालों में पार्षद दीपक व्यास, देव किशन और दुर्गाशंकर सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

ब्रीफ न्यूज

युवक ने दुकान में किया सुसाइडः फंदे पर लटकी मिली बॉडी

थिंक राजस्थान • बाड़मेर

बाड़मेर में एक युवक ने किराना दुकान के अंदर फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। दुकान में युवक को लटका देखकर आसपास के लोगों ने उसे नीचे उतारा और परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे तुरंत जिला हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। फिलहाल सुसाइड के कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटना गुरुवार शाम करीब 6 बजे बाड़मेर शहर में शास्त्री नगर ओवरब्रिज के पास हुई। पुलिस के अनुसार, पुराना जाटावास निवासी अशोक सिंह पुत्र मोहनसिंह की शास्त्री नगर मोहल्ले में किराना दुकान है। गुरुवार शाम उसने दुकान के अंदर फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। आसपास के लोगों ने उसे दुकान में लटका देखा तो आनन-फानन में नीचे उतारा और जिला हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली थाना इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि फिलहाल सुसाइड के कारणों का पता नहीं चल पाया है। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर शुक्रवार सुबह आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक का शव जिला हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दहेज में 5 लाख रुपए नहीं लाने पर विवाहिता को घर से निकाला

थिंक राजस्थान • गिड़ा

दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को वर्षों तक मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने, मारपीट कर घर से निकालने व स्त्रीधन अपने पास रखने का मामला सामने आया है। चिड़िया निवासी विवाहिता की शिकायत पर न्यायालय के आदेश से गिड़ा थाना पुलिस ने पति सहित आठ जनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। परिवादिया हीरो देवी पत्नी अचलाराम मेघवाल ने रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी करीब 13 वर्ष पूर्व हुई थी। उसके दो पुत्र हैं। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। इस दौरान उसके साथ कई बार मारपीट की। बताया कि 28 अगस्त को उसके साथ मारपीट की गई। इस दौरान ससुराल पक्ष के लोगों ने पांच लाख रुपए लाने की मांग करते हुए उसे घर से निकाल दिया।

8 ग्राम हेरोइन व मोटरसाइकिल सहित युवक पकड़ा, केस दर्ज

थिंक राजस्थान • श्रीगंगानगर

रामनगर पुलिस ने एक युवक को हेरोइन तस्करी के आरोप में पकड़ा है। यह कार्रवाई बुधवार देर शाम को ग्रीन पार्क के पास गश्त के दौरान की गई। आरोपी के खिलाफ एसआई दरिया सिंह की ओर से एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करवाया गया है। इसकी जांच एसएचओ सुमन परिहार कर रही हैं। उन्होंने आरोपी को गुरुवार दोपहर अदालत में पेशकर एक दिन के रिमांड पर लिया है। यह कार्रवाई डीएसटी कांस्टेबल अभीब खान की गोपनीय सूचना पर की गई। पुलिस के अनुसार हनुमानगढ़ के सुरेशिया व हाल रामनगर में डेफोडिल स्कूल के निकट निवासी 27 वर्षीय रमेश कुमार पुत्र राज कुमार को 8 ग्राम 4 मिलीग्राम हेरोइन और मोटरसाइकिल सहित पकड़ा है। आरोपी परिवार सहित करीब 8 वर्षों से रामनगर के इसी पते पर रह रहा है। वह स्वयं हेरोइन का नशा करने का आदी है। आरोपी ने कार्रवाई टीम को बताया कि वह अबोहर से हेरोइन खरीदकर लाता है।

भाई दूज मनाकर लौट रहीं मां-बेटी से लूटः बाइक सवार युवकों ने छीना बैग

थिंक राजस्थान • बीकानेर

बीकानेर शहर में बुधवार देर रात मां-बेटी के साथ लूट की वारदात हुई। बेटी ने इस मामले में गंगाशहर थाने में परिवाद देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना धरणीधर मंदिर के पास रमण भवन के आगे हुई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों युवक फरार हो चुके थे। बुधवार देर रात करीब 12 बजे रक्षा पुरोहित पत्नी आशीष पणिया अपनी मां के साथ धरणीधर मंदिर की ओर जा रही थी। वो चौतीना कुआं क्षेत्र में भाई दूज मनाकर लौट रही थी। मां-बेटी जैसे ही रमण भवन के पास पहुंचीं, तभी पीछे से आए दो युवकों ने मां के हाथ में रखा बैग छीन लिया। बैग इतनी जोर से खींचा गया कि मां सड़क पर गिर गईं और बैग के दोनों हैंडल उनके हाथ में ही रह गए। दोनों युवक बैग लेकर बाइक से फरार हो गए। इसके बाद रक्षा उनके पीछे दौड़ी। आसपास के कुछ लोग भी युवकों के पीछे भागे, लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित मां-बेटी ने घटनास्थल से ही पुलिस को फोन किया गया। गंगाशहर पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र में तलाश की, लेकिन दोनों युवक नहीं मिले।रक्षा पुरोहित ने पुलिस को रिपोर्ट दी है। इसके बाद आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। रक्षा ने बताया कि बैग में चांदी की पायल सहित कुछ आभूषण, 6 हजार रुपए नकद और घरेलू सामान था।

बीकानेर में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस से बदलेगा मौसमः4 दिन बाद सर्दी बढ़ने की संभावना

थिंक राजस्थान • बीकानेर

पश्चिमी राजस्थान में 14 और 15 नवंबर को एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय होने की संभावना है। इसके असर से बीकानेर का मौसम बदल सकता है। 14 नवंबर को बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में बादल छाने, मेघगर्जन और 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, 15 नवंबर को बीकानेर संभाग के उत्तरी भागों में कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। हालांकि, राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहने की संभावना है। बीकानेर में दिन के तापमान में फिलहाल ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.9 डिग्री अधिक रहा। वहीं, न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री दर्ज हुआ, जो सामान्य से 4.1 डिग्री अधिक था। गुरुवार के लिए अधिकतम तापमान 33 और न्यूनतम 20 डिग्री रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, 16 नवंबर से राज्य के कुछ हिस्सों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होने की संभावना है।

23-24 नवंबर को लालगढ़ से चलेंगी 3 जोड़ी विशेष ट्रेनें

नाल हॉल्ट व गजनेर में होगा ठहराव

थिंक राजस्थान • बीकानेर

कोलायत में 24 नवंबर को आयोजित होने वाले कपिल मुनि मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे ने लालगढ़-कोलायत के मध्य 3 जोड़ी अनारक्षित स्पेशल रेलसेवाओं के संचालन का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें 23 और 24 नवंबर को चलेंगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि मेले के दौरान अतिरिक्त यात्री भार को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है। इन सभी स्पेशल रेलसेवाओं में 10 साधारण श्रेणी और 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 12 कोच लगाए जाएंगे। यात्री बिना आरक्षण के सामान्य टिकट लेकर इनमें सफर कर सकेंगे। संचालन के दौरान ये सभी ट्रेनें मार्ग में नाल हॉल्ट और गजनेर स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहराव करेंगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं को भी सीधा लाभ मिलेगा।

- **04733 / 04734 (23 व 24 नवंबर - 2-2 ट्रिप)**: लालगढ़ से शाम 4:00 बजे रवाना होकर 5:10 बजे कोलायत पहुंचेगी। वापसी में कोलायत से शाम 6:15 बजे चलकर 7:15 बजे लालगढ़ पहुंचेगी।
- **04739 / 04740 (24 नवंबर - 1-1 ट्रिप)**: लालगढ़ से सुबह 5:35 बजे चलकर 6:50 बजे कोलायत तथा वापसी में कोलायत से 7:20 बजे चलकर 8:15 बजे लालगढ़ पहुंचेगी।
- **04741 / 04742 (24 नवंबर - 1-1 ट्रिप)**: लालगढ़ से सुबह 10:50 बजे चलकर दोपहर 12:00 बजे कोलायत तथा वापसी में कोलायत से दोपहर 12:40 बजे चलकर 1:40 बजे लालगढ़ पहुंचेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

थिंक राजस्थान • नोखा

जिला निर्वाचन अधिकारी निशान्त जैन ने गुरुवार को पांचू और उदासर में बने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायती राज आम चुनाव के चौथे चरण की तैयारियां देखीं। 14 नवंबर को जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए मतदान होगा। 16 नवंबर को पंच और सरपंच के चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। जैन ने कहा कि शुक्रवार दोपहर तक मतदान दलों के कर्मचारी अपने केंद्रों पर पहुंच जाएंगे। उनके ठहरने और भोजन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्रों पर प्रवेश और निकासी, कतारों के इंतजाम, सुरक्षा, रोशनी, पेयजल, छाया और दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की जानकारी ली।

बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजामः खाटू में प्रशासन अलर्ट

थिंक राजस्थान • सीकर

सीकर जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल खाटूश्यामजी में 20 नवंबर को बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए प्रशासन अलर्ट हो गया है। श्रद्धालुओं की भीड़ को संभालने और सुरक्षा के लिए फाल्गुनी लक्खी मेले जैसी व्यवस्थाएं की जाएंगी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए 5 दमकलें भी तैनात रहेंगी। इसे लेकर आज(गुरुवार) SDM अमृता खंडेलवाल की अध्यक्षता में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की बैठक हुई। बाबा श्याम के जन्मोत्सव को लेकर क्राउड मैनेजमेंट के लिए वार्षिक फाल्गुनी लक्खी मेले जैसी चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की जाएंगी। SDM अमृता खंडेलवाल ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभाग से जुड़े कार्यों और व्यवस्थाओं को समय से पूरा कर लें, ताकि बाबा के दरबार में आने वाले भक्तों को सुगम और सुरक्षित दर्शन हो सकें।

बैठक में ट्रैफिक मैनेजमेंट, पार्किंग और सेफ्टी अरेंजमेंट को लेकर चर्चा हुई। तोरण द्वार, 2 प्रमुख पार्किंग स्थलों और बाबा पार्किंग में कुल 5 दमकल गाड़ियां तैनात रहेंगी। श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए नगर पालिका प्रशासन को कस्बे के प्रमुख मार्गों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। बैठक के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा, ट्रैफिक, पार्किंग और अग्निशमन जैसी आवश्यक सेवाओं के सुचारू संचालन के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर कॉर्डिनेशन बनाए रखने पर जोर दिया। बैठक में तहसीलदार सुरेंद्र कुमार कुमावत, डीएसपी श्रेष्ठ दीक्षित और थानाधिकारी पवन दुलड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



पुलिस पर फायरिंग, कॉन्स्टेबल के हाथ में लगे छर्रे:DST टीम के चंगुल से बचकर हरियाणा नंबर की कार से भागे नशा तस्कर

थिंक राजस्थान • बाड़मेर

नशा तस्करों को पकड़ने गई DST टीम पर बदमाशों ने दो राउंड फायरिंग कर दी। हाथ छर्रे लगने से कॉन्स्टेबल घायल हो गया। इस दौरान पुलिस के चंगुल से बचकर बदमाश हरियाणा नंबर की कार से फरार हो गए। बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस ने नाकाबंदी करवाई, लेकिन तस्करों का कोई सुराग नहीं लगा। तलाश के लिए अलग-अलग टीमें बनाई हैं। घटना गुरुवार शाम करीब 5:45 बजे बाड़मेर के रीको थाना क्षेत्र में उतरलाई ओवरब्रिज के पास हुई।



रीको थानाधिकारी पदमाराम ने बताया - DST टीम को सूचना मिली थी कि नशा तस्कर अशोक लेघा उतरलाई ओवरब्रिज के पास नवीन गैरेज पर आया हुआ है। इस पर बदमाशों को पकड़ने के लिए DST कॉन्स्टेबल हरलाल और शंभूराम मौके पर पहुंचे। बदमाश गैरेज पर कार रिपेयर करवाने आए थे।

पुलिसकर्मियों को देखते ही साजटा निवासी करण ने उनके पैरों की तरफ फायरिंग कर दी। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की। तभी बदमाश अशोक लेघा ने अपने साथी से बंदूक लेकर दोबारा फायरिंग कर दी। गोली के छर्रे कॉन्स्टेबल हरलाल के हाथ में बाजू की तरफ लगे, जिससे वह घायल हो गया।

थानाधिकारी पदमाराम ने बताया कि कॉन्स्टेबल के घायल होते ही दोनों आरोपी DST टीम के चंगुल से छूटकर हरियाणा नंबर की कार से फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने जिलेभर में नाकाबंदी करवाई, लेकिन फिलहाल बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा है। घायल कॉन्स्टेबल हरलाल को तत्काल बाड़मेर हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। उसके हाथ में गोली के छर्रे लगने की बात सामने आई है। घटना की सूचना मिलने पर DSP बुद्धाराम विश्नोई और रीको थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए। FSL टीम ने भी मौके से सबूत एकत्र किए। वहीं, फरार आरोपियों की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। थानाधिकारी पदमाराम के अनुसार, फायरिंग करने वाले दोनों आरोपी नशा तस्करी के मामलों में वांटेड हैं।

3 अस्पतालों में चोरी, सब जगहों पर एक ही चोर कैमरे में नजर आया

थिंक राजस्थान • नागौर

नागौर शहर में देर रात एक संदिग्ध चोर ने तीन अलग-अलग निजी अस्पतालों को निशाना बनाते हुए मोबाइल चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। आरोपी अस्पतालों में सो रहे नर्सिंग स्टाफ और मरीजों के मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। चोरी की अलग-अलग वारदातों के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं, जिनमें संदिग्ध मोबाइल चोरी करते हुए नजर आ रहा है। जानकारी के अनुसार शहर के शिवम हॉस्पिटल, कृष्णा हॉस्पिटल और डिडेल हॉस्पिटल में मोबाइल चोरी हुए। बताया जा रहा है कि तीनों जगह वारदात को एक ही चोर ने अंजाम दिया है।

पिकअप के चालक ने ब्रेक लगाए पीछे बाइक भिड़ी, युवक की मौत

थिंक राजस्थान • लालगढ़ जाटान

श्रीगंगानगर रोड पर लालगढ़ छावनी गेट नंबर 2 के पास हुए सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। हादसे को लेकर पिकअप गाड़ी ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। मृतक राजेश नायक (24) पुत्र महेंद्र नायक गांव सरदारपुरा जीवन का निवासी था। मृतक के बड़े भाई राकेश पुत्र महेंद्र ने लालगढ़ जाटान पुलिस थाने में पिकअप चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में केस दर्ज करवाया है। बीएनएस की धारा 281 और 106(1) के तहत केस दर्ज करवाया है। जांच एएसआई बलवंत सिंह को सौंपी है। पुलिस के अनुसार सरदारपुरा जीवन निवासी राजेश नायक 10 नवंबर की रात करीब 8 बजे श्रीगंगानगर से मोटरसाइकिल पर घर आ रहा था।उसके आगे चल रही पिकअप गाड़ी (आरजे-53 जेए-2297) में सीमेंट के पोल भरे हुए थे, जो गाड़ी की बॉडी से करीब दो फीट बाहर निकले हुए थे। लालगढ़ जाटान में छावनी गेट नंबर 2 से करीब 100 से 150 फीट पीछे लापरवाही से चलते हुए पिकअप चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे पीछे चल रही राजेश की मोटरसाइकिल पिकअप से टकरा गई। हादसे में राजेश गंभीर रूप से घायल हो गया। पिकअप चालक की सहायता से उसे ई-रिक्शा पर जनसेवा हॉस्पिटल ले जाया गया।

'अ वुमन अलोन': घर की चारदीवारी में कैद स्त्री की खामोश चीख को मंच पर उतारा







थिंक राजस्थान • जयपुर

घर की चारदीवारी के भीतर रहने वाली एक स्त्री की जिंदगी बाहर से भले ही सामान्य दिखाई दे, लेकिन उसके भीतर इच्छाओं, सपनों, अकेलेपन और असंतोष का कितना बड़ा संसार छिपा हो सकता है, इसे रंगमंच पर प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया गया। एपिलॉग थिएटर की ओर से जवाहर कला केंद्र के कृष्णायन सभागार में प्रसिद्ध नाटक 'अ वुमन अलोन' का मंचन किया गया। प्रस्तुति में एक स्त्री के जीवन के उन पहलुओं को सामने लाया गया, जिन पर अक्सर परिवार और समाज में खुलकर बात नहीं होती। नाटक के दौरान कई दृश्यों पर दर्शकों ने तालियों से कलाकार का उत्साह बढ़ाया, तो कुछ प्रसंग ऐसे भी रहे, जहां सभागार में गहरी खामोशी छा गई।

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से स्नातक सुनीता तिवारी नागपाल के निर्देशन में हुए इस एकल नाटक में अभिनेत्री प्रिया सोगानी ने मुख्य भूमिका निभाई। करीब एक घंटे तक मंच पर अकेले मौजूद रहकर उन्होंने अपने अभिनय, संवाद अदायगी और भाव-भंगिमाओं से दर्शकों को किरदार के साथ जोड़े रखा। कभी हास्य के जरिए दर्शकों को हंसाया तो कभी स्त्री के भीतर दबे दर्द, गुस्से और घुटन को इस तरह व्यक्त किया कि दर्शक उस चरित्र की परिस्थितियों को महसूस करने लगे।

'अ वुमन अलोन' की कहानी एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी जिंदगी घर की चारदीवारी में सिमटकर रह गई है। उसके आसपास रोजमर्रा की घरेलू गतिविधियां हैं, परिवार है और रिश्तों की जिम्मेदारियां हैं, लेकिन उसकी अपनी इच्छाओं और भावनाओं के लिए जगह कम है। बाहर से सामान्य दिखने वाली इस जिंदगी के भीतर अकेलापन, असंतोष, स्वतंत्रता की चाह और अपनी पहचान तलाशने का संघर्ष लगातार चलता रहता है। नाटक में पति-पत्नी के रिश्ते, पारिवारिक बंधनों, स्त्री की सामाजिक स्थिति और व्यक्तिगत स्वतंत्रता जैसे मुद्दों को उठाया गया। खास बात यह रही कि गंभीर विषयों को सीधे उपदेशात्मक अंदाज में रखने के बजाय हास्य और व्यंग्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। यही वजह रही कि कई बार दर्शक हंसे, लेकिन उसी दृश्य के भीतर छिपे सामाजिक सवाल उन्हें सोचने पर भी मजबूर करते रहे।

डारियो फो की रचना में हास्य और व्यंग्य के साथ सामाजिक सवाल : 'अ वुमन अलोन' प्रसिद्ध इतालवी नाटककार और नोबेल पुरस्कार विजेता डारियो फो और फ्रांका रामे की चर्चित नाट्यकृति है। इसका हिंदी अनुवाद हिमांशु जोशी ने किया है, जबकि इसका रूपांतरण सुनीता तिवारी नागपाल ने किया। मूल रचना की खासियत यह है कि इसमें हास्य के माध्यम से सामाजिक व्यवस्था, पारिवारिक रिश्तों और महिलाओं की स्थिति पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। मंचन के दौरान यह बात भी प्रभावी ढंग से सामने आई कि किसी महिला की जिंदगी को केवल उसके पारिवारिक रिश्तों और घरेलू जिम्मेदारियों से नहीं समझा जा सकता। उसकी अपनी पहचान, इच्छाएं और स्वतंत्र अस्तित्व भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। नाटक ने दर्शकों को यह सोचने का अवसर दिया कि घर के भीतर रहने वाली महिलाओं की भावनात्मक दुनिया को अक्सर क्यों नजरअंदाज कर दिया जाता है।

अभिनय ने बांधे रखा, किरदार में दिखे कई भाव

एकल नाटक होने के कारण पूरी प्रस्तुति का दारोमदार अभिनेत्री प्रिया सोगानी पर था। उन्होंने करीब एक घंटे तक मंच पर अकेले रहकर किरदार के अलग-अलग भावों को जीवंत किया। कभी सहज बातचीत और हास्य के जरिए किरदार की परिस्थितियों को सामने रखा, तो कभी गुस्से, पीड़ा और भावनात्मक टूटन को अपने अभिनय से व्यक्त किया। हंसते-हंसते अचानक भावुक हो जाना, भीतर के गुस्से को बाहर लाना और फिर खुद को संभालने की कोशिश करना जैसे दृश्यों में उनके अभिनय के कई रंग देखने को मिले। उनकी संवाद अदायगी और शारीरिक भाव-भंगिमाओं ने एक ही किरदार के भीतर छिपे अनेक अनुभवों को दर्शकों तक पहुंचाया। निर्देशक सुनीता तिवारी नागपाल ने नाटक के भावनात्मक और व्यंग्यात्मक पक्षों के बीच संतुलन बनाए रखा। सीमित मंच और एक ही केंद्रीय किरदार के बावजूद प्रस्तुति में दर्शकों की रुचि बनी रही। मंच सज्जा, प्रकाश व्यवस्था और अभिनेत्री की मंच पर गतिविधियों को इस तरह संयोजित किया गया कि कहानी का प्रभाव लगातार बना रहा। प्रस्तुति में संगीत संयोजन एवं संचालन की जिम्मेदारी सऊद नियाजी ने निभाई। संगीत ने नाटक के भावनात्मक उतार-चढ़ाव को और प्रभावी बनाया। वहीं कृष्ण पाल सिंह नारुका ने मंच के पार्श्व में अपनी भूमिका निभाते हुए प्रस्तुति को मजबूती दी।

ब्रीफ न्यूज

सिंगोद कला में नदी किनारे कूचों में आग लगी: दमकल ने काबू पाया



थिंक राजस्थान • जयपुर

सिंगोद कला के नदी इलाके में आज कूचों में आग लग गई। चौमूं से पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग की लपटें और धुआं देखकर स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश की। आग को देखते हुए उन्होंने चौमूं दमकल केंद्र को सूचना दी। सूचना मिलते ही चौमूं से दमकल की गाड़ियां रवाना हुईं। दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाना शुरू किया। काफी कोशिश के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है। इससे कितना नुकसान हुआ, इसकी जानकारी भी सामने नहीं आई है। घटना के दौरान आसपास के ग्रामीण मौके पर मौजूद थे।

दीवाली प्रतियोगिता में अब 19 नवंबर तक कर सकेंगे आवेदन

थिंक राजस्थान • जयपुर

दीपावली पर घरों, बाजारों और प्रतिष्ठानों को सजाने वाले शहरवासियों के लिए अच्छी खबर है। जयपुर नगर निगम की दीवाली खुशियों वाली प्रतियोगिता में अब 19 नवंबर तक आवेदन किया जा सकेगा। जनता, व्यापारियों और वार्ड पार्षदों की मांग को देखते हुए निगम ने आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ाने का फैसला लिया है। इसके साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने के नियमों में भी बदलाव किया गया है। अब सभी सात श्रेणियों में दीपावली के दौरान की गई सजावट की मोबाइल गैलरी में पहले से सुरक्षित तस्वीरें भी अपलोड की जा सकेंगी। इसके लिए दोबारा सजावट करने या नई तस्वीरें लेने की जरूरत नहीं होगी। नगर निगम की ओर से दीपावली के मौके पर शहर में स्वच्छता, सजावट और जनता की सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। निगम को घरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, संस्थानों और बाजारों की ओर से अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। कई पार्षदों और आवेदकों ने आवेदन के लिए अतिरिक्त समय देने की मांग की थी। इसके बाद निगम ने अंतिम तारीख बढ़ाकर 19 नवंबर कर दी है।

घर में घुसकर महिला और युवती से मारपीट: चार लोगों को पकड़ा



थिंक राजस्थान • जयपुर

चौमूं के किशनगढ़ रेनवाल कस्बे के रैगर मोहल्ले में घर में घुसकर महिला और युवती से मारपीट की गई। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी राजेंद्र यादव ने बताया कि घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चंद्रभान पुत्र कन्हैयालाल, महिपाल पुत्र कन्हैयालाल, राजकुमार पुत्र कंवरसेन और कन्हैयालाल पुत्र मदनलाल के रूप में हुई है। चारों वार्ड नंबर 25 के रैगर मोहल्ले के निवासी हैं। पुलिस ने फिलहाल चारों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। महिला और युवती से मारपीट के मामले में अलग से मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। मामले में शामिल अन्य लोगों की भूमिका भी देखी जा रही है। आगे की कानूनी कार्रवाई जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर होगी।

थार से युवक को दो बार कुचला: 18 भाई-बहन की मौत के बाद पैदा हुआ था; बहन बोलीं-हत्यारे का शव मेरी गोद में दो

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर में गुरुवार को एक बार फिर तेज रफ्तार थार का कहर देखने को मिला। थार ने पैदल जा रहे युवक को उसके घर के पास ही टक्कर मारी। इसके बाद ड्राइवर ने वापस गाड़ी को बैक किया और युवक को कुचला। हादसे का सीसीटीवी भी सामने आया है। युवक 18 भाई-बहन की मौत के बाद पैदा हुआ था और घर में इकलौता बेटा था। हादसा शास्त्रीनगर इलाके के नाहरी का नाका स्थित स्वामी बस्ती में दोपहर करीब एक बजे का है। युवक के परिजन और स्थानीय लोग आरोपी ड्राइवर को पकड़ने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए थे। इस दौरान युवक की बहन ललिता बोलीं- 'मेरे भाई के हत्यारे की लाश मेरी गोद में दे दो, जैसे मैं अपने भाई की लाश को गोद में लेकर बैठी हूं।' परिजनों का आरोप है कि यह हादसा नहीं है, बल्कि जानबूझकर कुचला गया है।

एडिशनल डीसीपी नॉर्थ सेकेंड बजरंग सिंह ने बताया कि हादसे में स्वामी बस्ती निवासी गणेश स्वामी (40) की मौत हो गई। पुलिस ने बंधा बस्ती निवासी शाहरुख और अरशद को डिटेन कर थार गाड़ी को जब्त कर लिया। पूछताछ के बाद अरशद को गिरफ्तार कर लिया और शाहरुख को छोड़ दिया। हादसे के समय अरशद ही गाड़ी चला रहा था। ललिता ने बताया कि उसका और भाई का घर पड़ोस में ही है। भाई मेरे घर पर पानी पीने के बाद वापस जा रहा था। इस दौरान थार ने टक्कर मार दी। मैं और मेरा चचेरा भाई दौड़कर गए। चेहरे और शरीर पर गंभीर चोट थी।

चाचा वेदप्रकाश सोलंकी ने कहा कि सुबह ही गणेश को अच्छे-भले देखा था। गणेश से पहले बड़े भाई के 18 बच्चे हुए थे, लेकिन कोई जीवित नहीं रह पाया था। गणेश के जन्म पर परिवार ने खुशियां मनाई थीं। गणेश मजदूरी करता था। परिवार में पत्नी आशा (39), बेटा सन्नी (15) और बेटी मोनिका (12) हैं। हादसे के बाद युवक के परिवार और स्थानीय लोग सड़क पर धरने पर बैठ गए थे। परिवार का आरोप है कि थार ड्राइवर ने जानबूझकर टक्कर मारी है। मौके पर भीड़ को देखते हुए 5 थानों की पुलिस भी तैनात रही थी।



फर्जी कागजों से 69.50 लाख रुपए में बेची जमीन

मालकिन की जगह दूसरी महिला को पेश किया, चार आरोपी गिरफ्तार

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर में जमीन खरीदने और बेचने के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर लाखों रुपए की ठगी करने वाले गिरोह का बनीपार्क थाना पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने फर्जी आधार कार्ड तैयार कर असली मालकिन (खातेदार महिला) की जगह दूसरी महिला को जमीन का मालिक बताकर पेश किया। जमीन बेचने का सौदा कर परिवादी से 69 लाख 50 हजार रुपए ऐंठ लिए।

डीसीपी वेस्ट प्रशांत किरण ने बताया- गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रिंकू देवी (30) निवासी सांभर, रामस्वरूप वर्मा (55) निवासी रेनवाल, हाल फुलेरा, पप्पूराम वर्मा (38) निवासी मोरूदा, फुलेरा और अरविंद सिंह (35) निवासी फुलेरा के रूप में हुई है। आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह के अन्य आपराधिक मामलों और ठगी की रकम के संबंध में जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, विद्याधर नगर निवासी माधोसिंह कविया ने 16 जुलाई को इस्तगासे के जरिए मामला दर्ज कराया था। परिवादी ने बताया कि फुलेरा तहसील के ग्राम फुलेरा स्थित खसरा नंबर 199/1037 की 3.4394 हेक्टेयर खातेदारी जमीन का सौदा आरोपियों के साथ किया गया था। जमीन की कुल कीमत 81 लाख 69 हजार 596 रुपए तय हुई थी। आरोपियों ने समय-समय पर परिवादी से 69 लाख 50 हजार रुपए ले लिए, लेकिन उसके पक्ष में जमीन की रजिस्ट्री नहीं करवाई। बाद में परिवादी ने जमीन के दस्तावेजों की जांच-पड़ताल की तो पूरे फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। पता चला कि आरोपियों ने जिस महिला को जमीन की वास्तविक खातेदार बताया था, उसका उस जमीन से कोई संबंध नहीं था।

4 वोटर के लिए छुट्टी के दिन खुला हाईकोर्ट: राज्य निर्वाचन आयोग की अपील खारिज

कहा-चुनाव घोषित होने के बाद मतदाता सूची में संशोधन नहीं

थिंक राजस्थान • जयपुर

बूंदी जिले की मेंडी ग्राम पंचायत के 4 वोटर के लिए राजस्थान हाईकोर्ट दीपावली की छुट्टी के दिन भी खुला। जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस संदीप तनेजा की खंडपीठ ने राज्य निर्वाचन आयोग की अपील खारिज करते हुए 4 मतदाताओं के पक्ष में फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने कहा- एक बार चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के बाद मतदाता सूची में किसी भी तरह का संशोधन नहीं किया जा सकता है।

राज्य निर्वाचन आयोग और अन्य ने एकलपीठ के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें बूंदी जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से मेंडी ग्राम पंचायत में जोड़े गए 4 मतदाताओं के नाम हटाने के आदेश को 4 नवंबर को रद्द कर दिया था। दरअसल, बूंदी



जिले की मेंडी ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर-4 के मतदाता इन्द्राज सिंह, सुनीता देवी, सुदेश कुमार और सुनीता कुमारी पहले सुखपुरा ग्राम पंचायत में रहते थे। 7 फरवरी को उनके नाम मेंडी ग्राम पंचायत की मतदाता सूची में जोड़े गए थे। इसके बाद बहादुर सिंह नाम के व्यक्ति ने इन नामों पर आपत्ति जताई थी, लेकिन रिटर्निंग अधिकारी ने 2 अक्टूबर को आपत्ति खारिज कर दी थी। 3 अक्टूबर को राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया था। बहादुर सिंह ने 13 अक्टूबर को फिर से बूंदी जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपील दायर की थी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं को 17 अक्टूबर को नोटिस दिया और अगले ही दिन (18 अक्टूबर) उनके नाम मतदाता सूची से हटाने का आदेश दे दिया। मतदाता सूची से नाम हटाने के जिला निर्वाचन आधिकारी के आदेश के खिलाफ मतदाताओं ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई। इस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने 4 नवंबर को जिला निर्वाचन अधिकारी का आदेश रद्द कर दिया था। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग, बूंदी जिला निर्वाचन अधिकारी और हिंडोली ईआरओ ने इस आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट की खंडपीठ में अपील की थी। सुनवाई के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से कहा गया कि 3 अक्टूबर को केवल चुनाव कार्यक्रम जारी हुआ था। अधिसूचना जारी नहीं की गई थी। ऐसे में जिला निर्वाचन अधिकारी अपनी वैधानिक शक्तियों का प्रयोग कर सकता है। इस पर कोर्ट ने कहा- चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के बाद मतदाता सूची में किसी भी तरह का संशोधन नहीं किया जा सकता है। सिंगल बेंच के आदेश में कोई दखल नहीं देंगे।

मैदान पर 60 साल से पार वाले खिलाड़ी दिखाएंगे दम

जयपुर में वेटरन क्रिकेट लीग का कल से आगाज, टी-20 में भिड़ेंगी 5 टीमें

थिंक राजस्थान • जयपुर

क्रिकेट खेलने का जुनून उम्र के साथ कम नहीं होता, लेकिन नौकरी, परिवार और दूसरी जिम्मेदारियों के चलते कई खिलाड़ियों को एक समय बाद अपना पसंदीदा खेल छोड़ना पड़ता है। कुछ खिलाड़ी ऐसे भी हैं, जिन्होंने कभी जिला, राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट खेला, लेकिन समय के साथ मैदान से दूरी बन गई। अब ऐसे ही खिलाड़ियों को दोबारा क्रिकेट के मैदान पर उतरने का मौका मिलने जा रहा है। जयपुर में विजन क्रिकेट इंडिया लीग (वीसीआईएल) की शुरुआत की जा रही है। इसके तहत 40 वर्ष, 50 वर्ष और 60 वर्ष से ज्यादा आयु के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के टी-20 मुकाबलों में अपना खेल दिखाएंगे।

13 से 15 नवंबर तक जयपुर में राष्ट्रीय वेटरन टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित होगा। इसमें देश के अलग-अलग हिस्सों से आईं 5 टीमें हिस्सा लेंगी। मुकाबले रणवीर सिंह क्रिकेट स्टेडियम और सोनी स्टेडियम में खेले जाएंगे।

इस आयोजन का उद्देश्य उन अनुभवी क्रिकेट खिलाड़ियों को फिर से प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट से जोड़ना है, जिनके भीतर आज भी बल्ले और गेंद के साथ मैदान पर उतरने का वही पुराना जुनून कायम है।



गुरुवार को लालकोठी स्थित कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में आयोजित कार्यक्रम में खिलाड़ियों की जर्सी लॉन्च की गई। इसी के साथ विजन क्रिकेट इंडिया लीग की विधिवत शुरुआत की घोषणा हुई। आयोजन को लेकर खिलाड़ियों और आयोजकों में खासा उत्साह नजर आया।

उम्र के कारण क्रिकेट से दूरी बनाने की जरूरत नहीं

VCIL के संस्थापक शरत शर्मा ने कहा कि क्रिकेट खेलने की कोई उम्र नहीं होती। अक्सर देखा जाता है कि खिलाड़ी एक निश्चित उम्र के बाद खेलना बंद कर देते हैं, जबकि उनके भीतर खेलने की क्षमता और जुनून बरकरार रहता है। ऐसे खिलाड़ियों को दोबारा मैदान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस लीग की शुरुआत की गई है। उन्होंने बताया कि लीग के माध्यम से 40+, 50+ और 60+ आयुवर्ग के अनुभवी खिलाड़ियों को एक राष्ट्रीय मंच दिया जाएगा। यहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के साथ दूसरे खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा भी कर सकेंगे। यह केवल क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं है, बल्कि उम्र के हर पड़ाव पर फिटनेस, स्वास्थ्य और सक्रिय जीवनशैली बनाए रखने की पहल है। इस राष्ट्रीय वेटरन टी-20 टूर्नामेंट में पांच टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें सेंट्रल स्ट्राइकर्स, रेस्ट ऑफ इंडिया, मुंबई मास्टर्स, बीएसीए केआरएस और गरुड़ा बेंगलुरु शामिल हैं। सभी टीमों के कप्तान भी जर्सी लॉन्चिंग कार्यक्रम में मौजूद रहे। प्रतियोगिता में शामिल टीमों और उनके कप्तानों के नाम की घोषणा भी हुई।

वायुसेना कमांडर्स कांफ्रेंस में बोले रक्षा मंत्री

हमारी तैयारी ऐसी हो जिससे दुश्मन को संभलने का मौका न मिले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बदलती युद्ध परिस्थितियों में अचानक हमले की क्षमता और दुश्मन के किसी अप्रत्याशित कदम से निपटने की तैयारी, दोनों बेहद जरूरी हैं। इसी रणनीति को अहम बताते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय वायुसेना को अपनी आक्रामक और रक्षात्मक क्षमताओं को लगातार मजबूत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्ध केवल लड़ाकू विमानों की संख्या से नहीं, बल्कि तकनीकी श्रेष्ठता, तेजी से जवाब देने की क्षमता और सटीक तैयारी से जीते जाएंगे। वे यहां वायुसेना कमांडर्स कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आधुनिक युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। अब लड़ाई केवल पारंपरिक युद्धक्षेत्र तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि मिसाइलों, ड्रोन और अत्याधुनिक हथियार प्रणालियों के जरिए युद्ध के नए तरीके सामने आ रहे हैं

नई तकनीकों को वायुसेना की योजना, प्रशिक्षण और सैन्य अभियानों का अभिन्न हिस्सा बनाएं



वायुसेना कमांडर्स कांफ्रेंस को संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

साइबर और अंतरिक्ष युद्ध के लिए विशेष रणनीति बनाएं

रक्षा मंत्री ने कहा कि वायुसेना को इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, साइबर और अंतरिक्ष जैसे नए क्षेत्रों के लिए भी विशेष रणनीति और मजबूत व्यवस्था विकसित करनी चाहिए। इन क्षेत्रों में तैयारी भविष्य की चुनौतियों से निपटने में निर्णायक भूमिका निभाएगी। उन्होंने कमांडरों से इन नई तकनीकों को वायुसेना की योजना, प्रशिक्षण और सैन्य अभियानों का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

युद्ध के नए तरीकों में ड्रोन शामिल

रक्षा मंत्री ने कहा कि आधुनिक युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। अब लड़ाई केवल पारंपरिक युद्धक्षेत्र तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि मिसाइलों, ड्रोन और अत्याधुनिक हथियार प्रणालियों के जरिए युद्ध के नए तरीके सामने आ रहे हैं। रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास संघर्षों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इन युद्धों में ड्रोन और वायु रक्षा प्रणालियां बेहद महत्वपूर्ण साबित हुई हैं।

निगरानी क्षमता मजबूत करें

राजनाथ सिंह ने कहा कि खुफिया जानकारी जुटाने और निगरानी करने की क्षमताओं को और मजबूत करना होगा, ताकि दुश्मन की किसी भी गतिविधि और संभावित खतरे का समय रहते पता लगाया जा सके।

वायु रक्षा प्रणालियां सुरक्षा के लिए अहम

राजनाथ सिंह ने कहा कि खास तौर पर ड्रोन और वायु रक्षा प्रणालियों पर बढ़ता जोर राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर में थलसेना, नौसेना और वायुसेना के बीच दिखे बेहतरीन तालमेल की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि तीनों सेनाओं ने एक-दूसरे के साथ मिलकर अपनी क्षमताओं का प्रभावी इस्तेमाल किया।

'उड़ान' के एआई सेंटर का शुभारंभ किया

रक्षा मंत्री ने भारतीय वायु सेना की यूनिट फॉर डिजिटाइजेशन, ऑटोमेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड एप्लीकेशन नेटवर्किंग (उड़ान) के एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस द्वारा आंतरिक रूप से विकसित एआई अनुप्रयोगों के एक समूह का शुभारंभ किया। इनका उपयोग परिचालन, प्रशासन और एयरोस्पेस सुरक्षा के क्षेत्रों में कार्यों को स्वचालित करने तथा उनकी प्रक्रिया को तेज करने के लिए किया जाएगा। इन्हें भारतीय वायु सेना के सुरक्षित नेटवर्क पर स्थापित किया गया है। यह पहल प्रौद्योगिकी आधारित परिवर्तन और परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।



एआई सेंटर का शुभारंभ किया

खबर संक्षेप

नेपाल में वाहन गहरी खाई में गिरा, 11 की मौत

काठमांडू। नेपाल के बागमती प्रांत में गुरुवार को एक छोटी बस के गहरी खाई में गिर जाने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 6 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना मकवानपुर जिले में सुबह करीब पौने छह बजे हुई। मकवानपुर जिला पुलिस के अनुसार यह बस काठमांडू से सरलाही जा रही थी तथा उसमें करीब 17 लोग सवार थे। यह बस भीमफेदी ग्रामीण नगरपालिका में भीमफेदी-कुलेखानी-काठमांडू सड़क पर पहाड़ से लगभग 300 मीटर नीचे जा गिरी। हादसे में चालक समेत 11 लोगों की जान चली गई।



इंडोनेशियाई उपराष्ट्रपति जिब्रान ने दिया इस्तीफा

जकार्ता। इंडोनेशिया के उपराष्ट्रपति जिब्रान राकाबुमिंग राका ने अदालतों के फैसलों में अपनी शैक्षणिक योग्यता पर सवाल उठाए जाने और पद पर बने रहने की पात्रता को लेकर विवाद गहराने के बीच इस्तीफा दे दिया। पूर्व राष्ट्रपति जोको विडोडो के पुत्र जिब्रान (39) ने राजधानी जकार्ता स्थित संसद भवन में देश के सर्वोच्च विधायी निकाय 'पीपुल्स कंसल्टेटिव असेंबली' के नेतृत्व को अपना इस्तीफा सौंपा। उनके पिता विडोडो ने गृहनगर सोलो में कहा कि सार्वजनिक पदों पर राजनीतिक उतार-चढ़ाव हमेशा रहेंगे।



वॉशिंगटन में गोलीबारी 1 की मौत, 4 घायल

वॉशिंगटन। अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी के पॉश लॉगन सर्कल इलाके में व्हाइट हाउस से करीब 1.6 किमी दूर गुरुवार तड़के हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 4 अन्य घायल हो गए। गोलीबारी करने वाले हमलावर ने भी खुद को गोली मारकर जान दे दी। गोलीबारी की शुरुआत एक फिटनेस सेंटर के अंदर हुई। हमलावर ने पहले जिम में एक व्यक्ति को गोली मारी। इसके बाद वह बाहर निकलकर फायरिंग करने लगा। उसने एक पार्किंग गैराज में भी गोलियां चलाईं। वहां एक व्यक्ति को गोली लगी।



हरिभूमि के सवाल के जवाब में बोले विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) रुद्रेंद्र टंडन

भारत से फिलीपींस को जल्द मिलेगी सुपर सोनिक 'ब्रह्मोस' मिसाइल की दूसरी खेप

फिलीपींस की रक्षा क्षमता मजबूत करने के लिए भारत प्रतिबद्ध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

11 आसियान देशों के साथ 122 अरब यूएस डॉलर का व्यापार

फिलीपींस में बसे प्रवासी भारतीयों से भी पीएम करेंगे मुलाकात

पीएम मोदी आसियान सम्मेलन में हिस्सा लेने अगले हफ्ते जाएंगे फिलीपींस

भारत से फिलीपींस को जल्द ही सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल की दूसरी खेप (60 मिसाइलों के साथ 5 ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम शामिल होंगे) सौंपी जाएगी। दोनों देशों के बीच इस मामले को लेकर चल रही बातचीत अपने लगभग अंतिम चरण में जा पहुंची है। लेकिन अब इसकी गूंज आगामी 16 से 18 नवंबर तक पीएम नरेंद्र मोदी की मनीला यात्रा के दौरान फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड के साथ होने वाली एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक में भी सुनाई देगी। यह जानकारी गुरुवार को पीएम की यात्रा के पूर्व में आयोजित किए गए विशेष संवाददाता सम्मेलन में हरिभूमि द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) रुद्रेंद्र टंडन ने दी है।



रुद्रेंद्र टंडन, सचिव (पूर्व)

टंडन ने कहा कि भारत ने फिलीपींस के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की है। जिसके तहत वर्ष 2022 में हमने मनीला को ब्रह्मोस मिसाइल देने के लिए एक समझौता भी किया है। नई दिल्ली अपनी रणनीतिक साझेदारी के तहत फिलीपींस की रक्षा क्षमताओं के विकास में हर संभव तरीके से सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी 23वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 21वें ईस्ट एशिया समिट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। समिट की थीम 'नेविगेटिंग आवर फ्यूचर, टुगेदर' है।

आसियान देशों के बीच हुए समझौतों को भारत बढ़ा रहा

टंडन ने 2026 को भारत-आसियान समुद्री सहयोग वर्ष के रूप में याद किया, जिसमें भौगोलिक और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए गतिविधियों की एक श्रृंखला देखी गई। आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) के संबंध में, टंडन ने दस पक्षों को शामिल करने वाली बहुपक्षीय वार्ताओं की समय लेने वाली प्रकृति को स्वीकार किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि भारत व्यापार को सुगम बनाने और व्यवसायों के लिए निरंतर आर्थिक विकास और अवसरों को सुनिश्चित करने के लिए द्विपक्षीय व्यापार सुविधा पहलों और समझौतों को सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रहा है, भले ही एआईटीआईजीए समीक्षा समय-सीमा कुछ भी हो।

म्यांमार को अलग-थलग करना सही नहीं

टंडन ने कहा कि म्यांमार को अलग-थलग करने के बजाय उसके साथ जुड़कर काम करना चाहिए। अगर दुनिया के दूसरे देश उससे दूरी बना लेंगे, तो इस खाली जगह का फायदा कोई अन्य देश उठा सकता है। उन्होंने दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन आसियान की ओर से म्यांमार सरकार के साथ बातचीत की पहल का भी समर्थन किया। टंडन के मुताबिक, म्यांमार का इतिहास और समाज काफी जटिल है। इसलिए वहां हालात सुधारने के लिए धैर्य रखना और लगातार संपर्क बनाए रखना जरूरी है।

आसियान क्षेत्रीय संगठन के रूप में परिवक्व हुआ

टंडन ने कहा कि करीब छह दशकों के दौरान आसियान एक क्षेत्रीय संगठन के रूप में परिपक्व हुआ है और सदस्य देशों के बीच आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आज आसियान एक संगठन के रूप में अपनी सामूहिक ताकत का उपयोग करते हुए क्षेत्र में शांति, स्थिरता और आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने में सक्षम है। भारत का मानना है कि आसियान के सदस्य देशों के साथ सामूहिक और अलग-अलग, दोनों स्तरों पर मजबूत रणनीतिक संबंध बनाए रखना दोनों पक्षों के हित में है। आसियान के सभी 11 सदस्य देशों के साथ भारत के सक्रिय द्विपक्षीय संबंध हैं। इसके अलावा, भारत अपनी एक्ट ईस्ट नीति को आगे बढ़ाने में आसियान के क्षेत्रीय मंच के साथ जुड़ाव को भी महत्वपूर्ण मानता है।

राष्ट्रपति मार्कोस के रात्रिभोज में होंगे शामिल

मनीला पहुंचने पर पीएम मोदी फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर द्वारा शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले वैश्विक नेताओं के सम्मान में आयोजित रात्रिभोज में शामिल होंगे। अगले दिन वे आसियान-भारत और ईस्ट एशिया समिट की बैठकों में हिस्सा लेंगे तथा कई वैश्विक नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। पीएम की लोकप्रियता का आलम यह है कि फिलीपींस में बसे प्रवासी भारतीय समुदाय की ओर से उनसे मिलने की जबरदस्त मांग आ रही है, जिसके मद्देनजर उनके कार्यक्रम में प्रवासी संवाद को भी शामिल करने की तैयारी की जा रही है।

व्यापारिक सुगमता पर भारत का रखेंगे पक्ष

टंडन ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत और सभी 11 आसियान सदस्य देशों के बीच संबंध ऐतिहासिक स्तर पर पहुंचे हैं। आज आसियान क्षेत्र भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक बनकर उभरा है और दोनों पक्षों के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 122 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी क्षेत्रीय संपर्क (कनेक्टिविटी), डिजिटल साझेदारी, व्यापारिक सुगमता और वैश्विक चुनौतियों पर भारत का सशक्त दृष्टिकोण रखेंगे।

सेना के साथ जंगल में गए थे

किश्तवाड़ से लापता दो एसपीओ के शव मिले हथियार भी गायब



रशपाल कुमार　　बाबी चंद

एजेंसी ▶▶ किश्तवाड़

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के मारवाह के जंगल में बुधवार शाम को लापता हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस के दो एसपीओ के शव मिले हैं। दोनों शव गोलियों से छलनी हैं। उनके पास 60 राउंड वाली एक इंसास राइफल और 50 राउंड वाली एक 303 राइफल थी। दोनों के ही हथियार गायब हैं। दोनों आर्मी के साथ इलाके में सर्चिंग के लिए गए थे। जब वे लापता हुए थे, तब जंगल से फायरिंग की आवाजें भी सुनाई दी थीं। मृतकों की पहचान रशपाल कुमार और बाबी चंद के रूप में हुई है।

■ शरीर गोलियों से छलनी किया

बारामूला के जंगल से 2 हैंड ग्रेनेड जब्त

बारामूला पुलिस ने बदरकूट के जंगलों में एरिया डोमिनेशन पेट्रोल के दौरान दो हैंड ग्रेनेड बरामद किए और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, सीआईएसीटी एफटीआर बीएसएफ (112/06 बटालियन), 2 आरआर और सीआरपीएफ की 176वीं बटालियन के साथ संयुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने बदरकूट, टंगमर्ग निवासी गुलाम जीलानी रेशी नामक एक संदिग्ध व्यक्ति को बदरकूट के जंगल क्षेत्र से हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान एक हैंड ग्रेनेड बरामद किया।

कुलगाम हमले में लश्कर का कनेक्शन

सुरक्षा एजेंसियां कुलगाम हमले के सिलसिले में मोहम्मद लतीफ भट की तलाश कर रही हैं। कश्मीर रिवोल्यूशनरी आर्मी (केआरए) नाम के एक नए संगठन के सामने आने से जांच में एक नया पहलू जुड़ गया है। माना जाता है कि भट इस संगठन से जुड़ा है। सुरक्षा एजेंसियों को शक है कि केआरए को द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) की ही एक शाखा माना जा सकता है। टीआरएफ असल में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का ही एक मुखौटा संगठन है।

फारस की खाड़ी में तेल टैंकर पर हमला

19 भारतीय नाविकों को यूएई कोस्ट गार्ड ने सुरक्षित निकाला



एआई इमेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फारस की खाड़ी में एक और तेल टैंकर को निशाना बनाया गया है। लिबेरिया के झंडे वाला कच्चे तेल का टैंकर एमटी डोमेनिका प्रॉस्पेरिटी बुधवार को मीना साकर के पास प्रोजेक्टाइल हमले की चपेट में आया। जहाज पर 19 भारतीय नाविकों समेत कुल 22 क्रू मेंबर सवार थे। यूएई कोस्ट गार्ड ने सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने गुरुवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। मंत्री के मुताबिक, जहाज पर सवार सभी 19 भारतीय सुरक्षित हैं और किसी के घायल होने की खबर नहीं है। सरकार जहाज की मैनेजमेंट कंपनी के लगातार संपर्क में है, ताकि क्रू मेंबर्स की सुरक्षा, देखभाल और जरूरी मदद सुनिश्चित की जा सके।

इसरो को मिली बड़ी सफलता

मॉडिफाइड पीएसएलवी के तीसरे स्टेज का सफल टेस्ट



पीएसएलवी रॉकेट का सफल टेस्ट

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

इसरो ने गुरुवार को श्री हरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में 'पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल' (पीएसएलवी) रॉकेट के संशोधित तीसरे चरण का ग्राउंड स्टैटिक टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह सफल परीक्षण पीएसएलवी के लगातार दो मिशनों में आई तकनीकी खामियों के बाद किया गया है, जिनमें रॉकेट के तीसरे चरण में समस्या के कारण मिशन असफल हो गए थे। इसरो ने बताया कि सिस्टम को पहले से अधिक मजबूत और सुरक्षित बनाने के लिए इसके डिजाइन मार्जिन, कच्चे माल की गुणवत्ता, असेंबली प्रक्रिया और जांच मानकों की गहन समीक्षा की गई थी। नोजल कॉन्फिगरेशन को उन्नत किया गया और मैकेनिकल इंटरफेस को पहले से ज्यादा मजबूत बनाया गया।

भारत-म्यांमार नौसैनिक अभ्यास शुरू



विशाखापत्तनम। 8वां भारत-म्यांमार नौसैनिक अभ्यास (इमनेक्स-26) 10 से 14 नवंबर तक विशाखापत्तनम में आयोजित किया जा रहा है। म्यांमार नौसेना का जहाज यूएमएस किंग सिन प्यु शिन और भारत के आईएनएस राणा और आईएनएस सुमेधा के साथ इस अभ्यास में भाग लेने के लिए 10 नवंबर को विशाखापत्तनम पहुंचा। आईएनएस राणा पर उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया, जिसके साथ ही इस द्विपक्षीय अभ्यास की शुरुआत हुई।

एनवीडिया सीईओ जेन्सन हुआंग के एक और नए अफेयर का दावा

कंपनी की वैल्यू 27 लाख करोड़ घटी

चीनी महिला के अलावा कंपनी की कर्मचारी किम्बली से संबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया की सबसे बड़ी चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेन्सन हुआंग के दूसरे अफेयर के बारे में भी पता चला है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हुआंग का कंपनी की महिला अधिकारी किम्बर्ली पॉवेल के साथ अफेयर था। किम्बर्ली सीधे जेन्सन हुआंग को रिपोर्ट करती थीं। जेन्सन इससे पहले चीनी महिला एलिस हुआंग के साथ अफेयर की बात कबूल कर चुके हैं। एलिस पर चीनी जासूस होने का शक है। इस विवाद का असर कंपनी के शेयरों पर भी पड़ा है। कंपनी का मार्केट वैल्यूएशन 27 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा घट चुका है। एनवीडिया ने अब जेन्सन को सीईओ पद से हटा दिया है।

जिस चीनी महिला पर जासूसी का शक उसके साथ अफेयर की बात मानी



जेन्सन हुआंग और किम्बली पॉवेल

हेल्थकेयर बिजनेस की वीपी है किम्बली

किम्बर्ली पॉवेल ने 2008 में एनवीडिया में डायरेक्टर के तौर पर काम शुरू किया था। इसके बाद उन्होंने कंपनी में लगातार तरक्की की। अब वह हेल्थकेयर बिजनेस की वाइस प्रेसिडेंट हैं। शुरुआत में उनका काम मेडिकल इमेजिंग में एनवीडिया के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिप्स के इस्तेमाल को बढ़ावा देना था। एनवीडिया में आने से पहले पॉवेल एक इंजीनियर के तौर पर काम करती थीं। इसके बाद उन्होंने एक इलेक्ट्रॉनिक्स स्टार्टअप में प्रोडक्ट डेवलपमेंट का काम संभाला। इसी दौरान उन्होंने एनवीडिया से संपर्क किया और कंपनी के कंप्यूटिंग चिप्स के इस्तेमाल पर चर्चा की।

अमीरों की सूची में 10वें नंबर पर खिसके हुआंग

चीनी महिला से अफेयर की खबरों के बाद जेन्सन हुआंग फोर्ब्स की लिस्ट में एक पायदान खिसककर 10वें नंबर पहुंच गए हैं। उनकी नेटवर्थ 6.80 बिलियन डॉलर घटकर 155.4 बिलियन डॉलर हो गई है। रुपए में ये 63 हजार करोड़ कम होकर 14.32 लाख करोड़ हो गई है। जेन्सन हुआंग की संपत्ति का बड़ा हिस्सा एनवीडिया में उनकी हिस्सेदारी से जुड़ा है। हुआंग के पास एनवीडिया के 3.5% से ज्यादा शेयर हैं। वे कंपनी के सबसे बड़े व्यक्तिगत शेयरधारक हैं।

जांच समिति में आरती शाह भी



एनवीडिया कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने जेन्सन हुआंग के खिलाफ स्वतंत्र जांच शुरू कराई है। इस बोर्ड में भारतीय मूल की डॉ. आरती शाह सदस्य हैं और कंपनी की दो अहम समितियों में भी शामिल हैं। गुजरात यूनिवर्सिटी से पढ़ाई करने वाली आरती शाह ने अमेरिका की बड़ी दवा कंपनी एली लिली में करीब 27 साल काम किया है।

दावा: ट्रंप को जेन्सन के अफेयर के बारे में पता था

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इस साल मई में चीन यात्रा से पहले ही इसकी जानकारी दे दी थी। ट्रंप को खुफिया मेमो में बताया गया था कि हुआंग के संबंध एक ऐसी महिला से हैं, जिसे अमेरिकी अधिकारी चीनी जासूस मान रहे हैं। इसके बावजूद ट्रंप हुआंग को बीजिंग ले गए थे। उन्होंने अलास्का से राष्ट्रपति के साथ एयर फोर्स वन विमान में यात्रा भी की थी। हालांकि, व्हाइट हाउस ने इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। इस बीच, अमेरिकी सांसदों ने जनवरी में कांग्रेस के नए सत्र के बाद मामले में विस्तृत जांच के संकेत दिए हैं।

भारत और ब्राजील के बीच नई साझेदारी

सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल विकसित करने के लिए एमओयू साइन किया


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ब्राजील अपने लंबे अंतरिक्ष सहयोग को एक नए स्तर पर ले जा रहे हैं। दोनों देशों की कंपनियों ने मिलकर ऐसा सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल विकसित करने पर सहमति जताई है, जो कम से कम 100 किलो पेलोड को लो अर्थ ऑर्बिट (पृथ्वी की निचली कक्षा) तक ले जाने में सक्षम होगा।

यह समझौता अक्टूबर में मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) के जरिए हुआ। इस पर ब्राजील के माइक्रो लॉन्चर प्रोग्राम कंसोर्टियम की सदस्य कंपनी कॉन्सर्ट टेक्नोलॉजीज और भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने हस्ताक्षर किए। यह एमओयू तुर्की के अंताल्या में आयोजित इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉटिकल कांग्रेस 2026 के दौरान हस्ताक्षरित हुआ।



एमओयू करते अधिकारी



काली खेती का डरावना ट्रेलर रिलीज जैकी-शरद की दमदार एक्टिंग

नई दिल्ली। जब खेती जाग उठेगी, तब क्या होगा? फिल्म 'काली खेती' का डर अब खेतों से निकलकर असल जिंदगी तक पहुंच गया है। फिल्म का रोमांचक ट्रेलर दर्शकों को आने वाले खौफ की एक झलक दिखाता है। जैकी श्रॉफ और शरद केलकर की मुख्य भूमिकाओं वाली इस फिल्म का ट्रेलर एक ऐसी डरावनी दुनिया की झलक पेश करता है, जहां खेती अब केवल फसल उगाने की जगह नहीं रह गई है, बल्कि एक बेहद खौफनाक जगह बन चुकी है। फिल्म की डरावनी पृष्ठभूमि में हर तरफ रहस्य और भय का माहौल नजर आता है, जहां हर राज अपने साथ डर लेकर आता है। यह डरावनी फिल्मों में आमतौर पर दिखाई जाने वाली कहानियों से आगे बढ़ता है।

लाइफ Style

समरीन


क्रिकेटर अर्शदीप से हुई सगाई

पंजाबी अभिनेत्री समरीन कौर ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट से अपने फैंस को हैरान कर दिया है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के साथ कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने बताया है कि क्रिकेटर से उनकी सगाई हो गई है। तस्वीरों से साथ अभिनेत्री ने एक प्यारी पोस्ट लिखी है।

नई दिल्ली। अभिनेत्री ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें वह अपनी सगाई की अंगूठी दिखा रही हैं। वह अर्शदीप के साथ गले मिल रही हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, 'जिंदगी हमें जो कुछ भी दे सकती थी, उनमें से सबसे अच्छी बात यह है कि जीवन भर साथ रहने के लिए उसने हमें एक-दूसरे से मिलाया।' अर्शदीप और समरीन पिछले कुछ समय से एक दूसरे को डेट कर रहे थे। अब इन दोनों ने जीवनभर साथ रहने का फैसला किया है और सगाई कर ली है। समरीन कौर सिनेमा जगत की उभरती हुई अभिनेत्री हैं। वह धीरे-धीरे अपनी पहचान बना रही हैं। वह कई पंजाबी म्यूजिक वीडियोज और फिल्म प्रोजेक्ट्स में नजर आ चुकी हैं। खासतौर पर यंग ऑडियंस के बीच काफी पॉपुलर हो रही हैं। वह सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। यहां वह अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ की झलक फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। समरीन कौर का जन्म 1999 में जम्मू-कश्मीर में हुआ था। उनकी मां प्रोफेसर हैं और पिता भी शिक्षा क्षेत्र से जुड़े हैं, इसलिए बचपन से ही उनके जीवन में अनुशासन और पढ़ाई अहम हिस्सा रहे। समरीन ने पुणे के सिम्बायोसिस से बी.कॉम (ऑनर्स) किया और बाद में चंडीगढ़ से एमबीए की पढ़ाई पूरी की। साल 2018 में अभिनेत्री की जिंदगी में बड़ा बदलाव आया। वह फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता में स्टेट फाइनलिस्ट बनीं।



हॉलीवुड मसाला




रसेल को 10.5 साल की सजा

लॉस एंजिल्स। ब्रिटिश एक्टर-कॉमेडियन रसेल ब्रांड से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। रसेल एक महिला के साथ रेप और तीन अन्य महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में दोषी पाए गए हैं। लंदन की एक अदालत ने उन्हें सोमवार को सजा सुनाई है। उन्हें 10.5 साल की जेल हुई है। जिस मामले मे उन्हें सजा हुई, वो 20 साल पुराना मामला है। जज जोएल बेनाथन ने रसेल ब्रांड से कहा कि उन्होंने महिलाओं के प्रति 'लापरवाह और अहंकारी रवैया' दिखाया।



डीसी स्टूडियोज के सीईओ और चेयरपर्सन ने दिया इस्तीफा

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के मशहूर डीसी स्टूडियोज में बड़ा बदलाव हुआ है। जेम्स गन और पीटर सफ्रान ने स्टूडियो के चेयरपर्सन और सीईओ का पद छोड़ दिया है। उनकी जगह मार्वल स्टूडियोज के पुराने साथी लेंगे। मार्वल स्टूडियो के जेरेमी लेचम को नई जिम्मेदारी मिली है। बीते दिनों डीसी स्टूडियोज से रिजाइन करने के बाद जेम्स गन और पीटर सफ्रान ने वैरायटी को बयान दिया। उन्होंने कहा, 'चार साल पहले, हमने डीसी को एक क्रिएटिव सोच के तहत एकजुट करने का बीड़ा उठाया था. उस समय हमने 'सुपरमैन' को डीसी के दिल में वापस लाने में मदद की। इसके साथ ही 'पीसमेकर', 'क्रीचर कमांडोज', 'लैंटर्न्स' और 'क्लेफेस' के जरिए फिल्मों और टेलीविजन में नए दरवाजे खोले और नई कहानियां दर्शकों तक पहुंचाई। हमें उस पूरी टीम पर बेहद गर्व है, जिसने हमारे इस लक्ष्य को हकीकत में बदला। इसमें वो सभी कलाकार, क्रू मेंबर्स और अधिकारी शामिल हैं, जिनके साथ हमें काम करने का मौका मिला।



मातृभूमि के साथ आएगी इम्तियाज की 'ओ साथी रे'

मुंबई। सलमान खान की 'मातृभूमि' और श्रद्धा कपूर की 'ईठा' 4 दिसंबर को रिलीज होगी, जिनका बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगा। अब इसी वक्त इम्तियाज अली की 'ओ साथी रे' भी आ रही है। 2026 के आखिरी महीने यानी दिसंबर में कई बड़ी फिल्में आने वाली हैं। जिनका फिलहाल इंतजार हो रहा है। यूं तो दिसंबर सलमान खान और शाहरुख खान के फैन्स के लिए बेहद खास है। जी हां, 4 दिसंबर को सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि' आ रही है। वहीं, उस फिल्म का श्रद्धा कपूर की 'ईठा' से क्लैश होगा। साथ ही अब इस डेट पर इम्तियाज अली की 'ओ साथी रे' भी शेड्यूल हो गई है। पर यहां जो पेंच है, वो यह है कि फिल्म सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आएगी। दरअसल, यह एक रोमांटिक ड्रामा सीरीज है, जिसे इम्तियाज अली ने बनाया और लिखा है। और वही इसके शो रनर भी हैं।



एक्टिंग छोड़ हर चीज में टांग अड़ा रहे एक्टर्स

नई दिल्ली। फिल्म निर्माता करण जौहर ने बॉलीवुड में बढ़ती 'भेड़चाल' को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने सवाल उठाया है कि अभिनेता अपनी एक्टिंग पर ध्यान देने के बजाय, फिल्म निर्माण के हर पहलू में शामिल होने के लिए इतने उत्सुक क्यों रहते हैं। एक इंटरव्यू में, उन्होंने बताया कि उन्हें ऐसे कई एक्टर्स मिले हैं जो कास्टिंग, बजट और प्रचार अभियानों में भी अपनी राय देना चाहते हैं। वे अपने निभाए जा रहे किरदारों के बजाय बॉक्स-ऑफिस के ट्रेंड्स को लेकर ज्यादा चिंतित रहते हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे फिल्म इंडस्ट्री के काम करने के तरीके को लेकर चिंतित हैं, तो करण ने कहा कि उन्हें कलाकारों के बीच 'भेड़चाल' (सबकी देखा-देखी चलने की प्रवृत्ति) को लेकर ज्यादा चिंता है। उन्होंने कहा कि कई कलाकार अब अपनी अंतरात्मा की नहीं सुनते, जैसा कि वे पहले किया करते थे।

टीवी मसाला



कृष्णा के आशियाने को देखती रह गईं अर्चना

नई दिल्ली। टीवी और कॉमेडी की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाने वाले कृष्णा अभिषेक अपनी शानदार कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते हैं। पर्दे पर उनका अंदाज जितना मस्तीभरा और रंगीन है, उनके घर की झलक भी कुछ वैसी ही नजर आती है। हाल ही में अभिनेत्री और टीवी पर्सनैलिटी अर्चना पूरन सिंह ने अपने यूट्यूब चैनल पर कृष्णा अभिषेक के घर का पूरा टूर कराया। सामने आए इस वीडियो में कृष्णा की पत्नी और अभिनेत्री कश्मीरा शाह के साथ उनके परिवार की निजी दुनिया देखने को मिली। घर की सजावट देखकर साफ पता चलता है कि इस कपल ने इसे किसी दिखावे के बजाय अपनी पसंद, आराम और परिवार की जरूरतों के हिसाब से तैयार किया है। आमतौर पर बॉलीवुड और टीवी सितारों के घरों में सफेद रंग, महंगे फर्नीचर और बेहद सलीके से सजाए गए इंटीरियर देखने को मिलते हैं, लेकिन कृष्णा का घर इससे काफी अलग है।

बेटी का नाम घसीटने पर नाराज हुए जय

नई दिल्ली। बिग बॉस 20 जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, ये गेम और भी पेचीदा होता जा रहा है। कई कंटेस्टेंट के बीच जहां जबरदस्त झगड़ा देखने को मिल रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ काफी लोग ऐसे हैं, जिनके निशाने पर माही विज हैं। बीते दिनों हुए नॉमिनेशन और कैप्टेन्सी दोनों ही टास्क में माही विज कई घरवालों के निशाने पर आईं। यहां तक कि जिस तरह से कैप्टेनसी टास्क में माही विज की 7 साल की बेटी तारा भानुशाली का नाम घसीटा गया, उसे लेकर अब एक्ट्रेस के एक्स हसबैंड जय भानुशाली का गुस्सा फूटा है और उन्होंने एक बड़ी कसम ले ली है। माही विज जो रोबोट बनकर चेयर पर बैठी थीं, उन्हें कैप्टेन्सी टास्क में कुर्सी से उठाने के लिए जिस तरह से यंग डीएसए, उदिति सिंह और कनिका मान ने बेटी का नाम लेकर बुली किया, उसको लेकर जय भानुशाली ने नाराजगी व्यक्त की है।


ग्लोबल म्यूजिक स्टेज पर फिर छाएंगे दिलजीत, मैडोना संग करेंगे परफॉर्म

मुंबई। पंजाबी म्यूजिक का जलवा अब दुनियाभर में देखने को मिल रहा है। सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ एक बार फिर अपने म्यूजिक से इंटरनेशनल स्टेज पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। दिलजीत दुनिया के सबसे बड़े म्यूजिक फेस्टिवल्स में शामिल कोचेला वैली म्यूजिक एंड आर्ट्स फेस्टिवल 2027 में परफॉर्म करते नजर आएंगे। फेस्टिवल के आयोजकों ने अगले साल होने वाले इस इवेंट की कलाकारों की लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें दिलजीत के साथ दुआ लीपा, टेम इम्पाला और एसजेडए जैसे बड़े नाम शामिल हैं। इसके अलावा पॉप म्यूजिक की दिग्गज सिंगर मैडोना, जेआईएसओओ, फोएबे ब्रिजर्स और रोबिन भी इस फेस्टिवल का हिस्सा होंगी। कोचेला 2027 का आयोजन कैलिफोर्निया के इंडियो स्थित एम्पायर पोलो क्लब में होगा। यह फेस्टिवल दो वीकेंड में आयोजित किया जाएगा। पहला वीकेंड 9 से 11 अप्रैल और दूसरा वीकेंड 16 से 18 अप्रैल तक चलेगा। इस बार शुक्रवार को दुआ लीपा, शनिवार को टेम इम्पाला और रविवार को एसजेडए हेडलाइनर के तौर पर परफॉर्म करेंगे।



ये प्रेम मोल लिया का 'बुलाए छठी मां' गाना रिलीज

नई दिल्ली। बॉलीवुड फिल्मों में भी छठ पूजा को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। पहले फिल्म 'द वन' और अब फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' में छठी मां की पूजा का महत्व दिखाया जाएगा। वहीं, मेकर्स ने छठ पूजा के पहले आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ की फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' का नया गाना रिलीज किया गया, जिसका नाम है 'बुलाए छठी मां'। गाने में आयुष्मान और शरवरी अपने पूरे परिवार के साथ छठ पूजा करते दिखाई दे रहे हैं। इस फिल्म के जरिए कई सालों बाद सूरज बड़जात्या ने हिमेश रेशमिया के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' का निर्देशन सूरज आर. बड़जात्या ने किया है और इसे राजश्री प्रोडक्शंस ने महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है। ये फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, जिसे राजश्री प्रोडक्शंस और महावीर जैन फिल्म्स द्वारा एक बड़े पर्दे की फैमिली एंटरटेनर के तौर पर पेश किया जा रहा है।



आस्था के साथ लोगों की भावनाओं से भी जुड़ा है छठ महापर्व

उदित, सोनू समेत इन बॉलीवुड सिंगर्स ने गाए छठी मैया के गीत

नई दिल्ली। छठ महापर्व की तैयारी शुरू हो गई है। देशभर में इस लोक त्योहार को हर साल धूमधाम से मनाया जाता है। आस्था के साथ ये लोगों की भावनाओं से भी जुड़ा महापर्व है। इस त्योहार पर गीतों का अहम योगदान रहा है। शारदा सिन्हा की आवाज में गाए उनके छठ गीत आंखों में आंसू ले आते हैं। लेकिन, बॉलीवुड के भी ऐसे कई बड़े सिंगर्स हैं जिन्होंने छठी मैया के लिए गीत गाए हैं। इन सिंगर्स के गाए इन गीतों ने न सिर्फ ऑडियंस को प्रभावित किया, बल्कि इन गीतों ने उन्हें रुला दिया।



लता मंगेशकर की बहन उषा मंगेशकर ने साल 1961 में आई में आई फिल्म भैया में छठी मैया के लिए पहली गीत "सुपवे नरियरवे' गया था। ये वो पहला छठ गीत ता जिसे फिल्माया गया था। फिल्म का ये गीत मगही भाषा में था जो करीब 65 साल बाद भी अपनी अलग छाप छोड़े हुए हैं।



हिंदी फिल्मों में कई शानदार गीत देने वाले सिंगर सोनू निगम ने भी छठी मैया के लिए गाना गया हुआ है। सिंगर की आवाज में आपको 'जय छठी मैया' सुनने को मिल जाएगा। उनके साथ ये गीत पवन सिंग ने भी गाया था। सोनू निगम की आवाज में इस गाने को खूब पसंद किया गया।



उदित नारायण बिहार के रहने वाले हैं। उन्हें छठ महापर्व और इससे जुड़ी भावनाओं की गहरी समझ रखते है। सिंगर ने छठ के महापर्व पर खूबसूरत गाने गाए है जिसके बोल हैं 'बरत छठ कईनीं', 'चउमुख दियरि', 'छठी माई नामवा तोहार', 'बहंगी छठी माई के', 'कैसे तू करबू बहिनी छठिया रतिया' और 'पहिले पहिल छठी महिया'। ये दोनों ही गाने लोगों के बीच खूब पसंद किए गए।



अनुराधा पौड़वाल भक्ति गीत गाने के लिए जानी जाती हैं। 90 के दशक में सिंगर ने ने टी-सीरीज के लिए कई ऐसे भक्ति गीत गाए जो आज भी मशहूर हैं। उनकी इस लिस्ट में छठ के गाने भी हैं। उनकी मधुर आवाज में छठी मैया के लिए 'उगिहें सूरज देव', 'कांच ही बांस के बहंगिया', 'आदित मनाईला', 'अरघ के बेर', 'मारबो रे सुगवा धनुख', 'चैर पहर हम जल थल सेविला', 'हे छठी मईया' जैसे गाने गाए खूब सुने गए।



बॉलीवुड सिंगर पलक मुच्छल फिल्मों के लिए कई शानदार गाने गाए हैं। लेकिन उनकी आवाज में छठी मैया का गीत 'छठी माई के आस', 'जोड़े जोड़े फलवा', 'के करेली छठ बरतिया', 'चढ़ते कटिकावा हो दीनानाथ' खूब मशहूर हुए।



बॉलीवुड की मशहूर सिंगर आशा भोसले ने अपने सिंगिंग करियर में छठी मैया के लिए भी गीत गाए हैं। साल 1979 में आई भोजपुरी फिल्म छठी 'मईया की महिमा' में छठ गाना 'रसिक भ्रमरे' गाया था। ये गाना आज भी पॉपुलर है।



स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने कई भाषाओं में गीत गाए हैं। इनमें कई लोक और भक्ति गीत भी शामिल हैं। सिंगर ने एक गाना गया था जिसका नाम था 'मेरे माथे का सिंदूर अमर रखना मैया'।

न्यूजीलैंड के जैकब्स ने लिस्ट- ए मैच में लगाए 21 छक्के, विश्व रिकॉर्ड बनाने से चूके

एजेंसी ▶▶ ऑकलैंड

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के आक्रामक बल्लेबाज बेवन जैकब्स ने अपने लिस्ट-A करियर में दोहरा शतक लगाने का कारनामा किया। इस समय खेली जा रही फोर्ड ट्रॉफी के मुकाबले में ऑकलैंड का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने ओटागो के खिलाफ नाबाद 202 रन बनाए। यह उनके लिस्ट-ए करियर का पहला ही दोहरा शतक साबित हुआ। उन्होंने अपनी इस अविश्वसनीय पारी में 21 छक्के लगाए।



जोरदार रही जैकब्स की पारी

ऑकलैंड की ओर से खेलते हुए जैकब्स ने 132 गेंदों में नाबाद 202 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 21 छक्के शामिल रहे। ओटागो के खिलाफ नंबर-4 पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने दोहरा शतक लगाया। उनकी पारी की मदद से ऑकलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर के बाद 334/8 का स्कोर बनाया। जवाब में ओटागो ने 49.1 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल किया। जैकब्स का दोहरा शतक भी जीत नहीं दिला सका।

दोहरा शतक लगाने वाले चौथे कीवी बल्लेबाज

दाएं हाथ के आक्रामक बल्लेबाज जैकब्स अब लिस्ट-A एक्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले न्यूजीलैंड के सिर्फ चौथे बल्लेबाज बने हैं।उनसे पहले जेमी हाऊ, मार्टिन गुप्टिल, और चैड बोव्स ऐसा कर चुके थे। इनमें से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दोहरा शतक सिर्फ गुप्टिल (बनाम वेस्टइंडीज, 2015) ने लगाया हुआ था। वहीं, हाऊ ने सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स की ओर से और बोव्स ने कैंटरबरी का प्रतिनिधित्व करते हुए ऐसा किया है।

टी-20 सीरीज में खेलते हुए दिखे थे जैकब्स

जैकब्स हाल ही में भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 सीरीज में खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने सीरीज में क्रमशः 31, 58, 39*, 7 और 1 रन के स्कोर किए थे। न्यूजीलैंड की ओर से उन्होंने 16 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 31.90 की औसत और 144.34 की स्ट्राइक रेट के साथ 319 रन बनाए हैं। उन्होंने कोई वनडे अंतरराष्ट्रीय नहीं खेला है। अपने लिस्ट-ए करियर में उन्होंने 29 पारियों में 870 रन बनाए हुए हैं।

छक्कों का विश्व रिकॉर्ड बनाने से चूके

जैकब्स अब लिस्ट-ए क्रिकेट की एक पारी में दूसरे सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने। बता दें कि यह विश्व रिकॉर्ड डार्सी शॉर्ट के नाम पर दर्ज है, जिन्होंने 2018 में क्वींसलैंड के खिलाफ 23 छक्के लगाए थे। इन दोनों के अलावा किसी अन्य बल्लेबाज ने एक पारी में 20 छक्के नहीं लगाए हैं। इस सूची में तीसरे सर्वाधिक छक्के वाले खिलाड़ी नामीबिया के गेरी स्नाइमैन (17 छक्के बनाम यूएई, 2007) और इयोन मॉर्गन (17 छक्के बनाम अफगानिस्तान, 2019) हैं।

खबर संक्षेप



फिट हुए पंत, न्यूजीलैंड के लिए भरेंगे उड़ान

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम और कप्तान शुभमन गिल के लिए राहत की खबर है। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से फिटनेस क्लीयरेंस मिल गया है। वह जल्द ही न्यूजीलैंड के लिए रवाना होंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पंत ने 10 और 11 नवंबर को फिटनेस और सिमुलेशन (अभ्यास आधारित परीक्षण) से जुड़े 2 परीक्षण दिए थे। इसके बाद गुरुवार 12 नवंबर को उन्हें सीओई से खेलने की मंजूरी मिल गई है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज का आगाज 19 नवंबर से होगा। पहला मुकाबला वेलिंगटन में खेला जाएगा। वहीं, सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच क्राइस्टचर्च में 27 नवंबर से शुरू होगा।

ओम, रथिका, सान्या सिंगापुर क्लासिक के दूसरे दौर में



नई दिल्ली। भारतीय खिलाड़ी ओम सेमवाल, रथिका सीलन और सान्या वत्स ने अलग-अलग अंदाज में जीत दर्ज करते हुए सिंगापुर क्लासिक स्क्वाश टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारत के एक अन्य खिलाड़ी संदेश पलानीवेल रविकुमार हालांकि इस 15,000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में हार गए। पुरुष वर्ग में विश्व के 149वें नंबर के खिलाड़ी सेमवाल ने 2-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सिंगापुर के आरोन लियांग को 15-13, 6-11, 13-15, 11-9, 11-8 से हराया। महिला वर्ग में रथिका ने सिंगापुर की जयना लिम को 11-7, 12-10, 11-9 से जबकि सान्या ने मिस्र की क्लारा ड्वेरी को 10-12, 11-6, 11-8, 11-5 से हराया।

आज से आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियनशिप



इंदौर। मध्यप्रदेश के इंदौर में आज 13 से 21 नवंबर तक खेली जाने वाली आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियनशिप में 32 देशों के पुरुष और महिला खिलाड़ी खिताब के लिए मुकाबला करेंगे और प्रतियोगिता में कुल 40,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि दांव पर होगी। भारतीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर महासंघ के महासचिव सुनील बजाज ने संवाददाताओं को बताया कि प्रतियोगिता में मेजबान भारत के साथ ही अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, चीन, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, पाकिस्तान, अमेरिका, दक्षिण कोरिया और सऊदी अरब समेत 32 देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया, ''भारत में इस चैंपियनशिप का आयोजन तीसरी बार हो रहा है। इससे पहले, 1964 में कोलकाता और 2014 में बेंगलुरु में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

भारत-न्यूजीलैंड के बीच चौथा एक दिवसीय मैच आज

वनडे कप्तानी में डेब्यू पर छाप छोड़ना चाहेंगे श्रेयस, भारत की निगाह शृंखला जीतने पर

एजेंसी ▶▶ माउंट मोनगानुई

नियमित कप्तान शुभमन गिल की अनुपस्थिति में कमान संभालने वाले श्रेयस अय्यर न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इस प्रारूप में कप्तानी के अपने पदार्पण पर विशेष छाप छोड़ना चाहेंगे जिसमें भारतीय टीम की निगाह श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने पर होगी।

भारत पांच मैचों की श्रृंखला में अभी 2-0 से आगे है और टीम में कुछ बदलाव के बावजूद वह जीत का प्रबल दावेदार है। तीसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के बाद अब न्यूजीलैंड के पास केवल श्रृंखला बराबर करने का मौका है और वह इसके लिए अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा। अब सीरीज का चौथा मैच 13 नवंबर को बे ओवल स्टेडियम में खेला जाएगा।



इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजरें

न्यूजीलैंड के लिए यंग ने पिछले 10 मैचों में 212 रन बनाए हैं। वहीं, केली के बल्ले से पिछले 4 मैचों में 52.25 की औसत से 209 रन निकले हैं। भारत के लिए रोहित ने पिछले 10 मैचों में 55.78 की औसत से 502 रन बनाए हैं। वहीं, कोहली के बल्ले से पिछले 9 मैच में 393 रन निकले हैं। डफी ने पिछले 7 मैचों में 11 विकेट चटकाए हैं। बरार ने पिछले 9 मैच में 15 विकेट लिए हैं।

विराट और राहुल का अच्छा प्रदर्शन

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने यहां पर इकलौती पारी में 112 रन बनाए हैं। विराट कोहली ने इस मैदान पर 3 पारियों में 37.33 की औसत से 112 रन बनाए हैं। युजवेंद्र चहल ने इस मैदान पर 3 पारियों में 21.42 की औसत से 7 विकेट लिए थे। कुलदीप यादव ने यहां पर 2 वनडे में 21.00 की औसत से 4 विकेट चटकाए हैं।

संभावित एकादश

भारत : रोहित शर्मा, ऋतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, ईशान किशन, श्रेयस अय्यर (कप्तान), नमन धीर, अक्षर पटेल, आकिब नबी, गुरनूर बरार, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह।

न्यूजीलैंड : टिम साइफर्ट, विल यंग, फिन एलन, निक केली, माइकल ब्रेसवेल, मिचेल सैंटनर (कप्तान), डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, काइल जैमीसन, जैकब डफी, मैट हेनरी और ब्रेट रैंडेल।

टेस्ट सीरीज के लिए टीम से हटे गिल

बता दें कि गिल 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला की तैयारी के लिए टीम से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह अय्यर भारत की कप्तानी करेंगे जो पहले दो मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। शॉर्ट पिच गेंदों के सामने उनकी कमजोरी खुलकर उजागर हो गई हैं। केएल राहुल और अंशुल कंबोज भी टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिए टेस्ट टीम से जुड़ गए हैं।


भारत ने बे ओवल में जीते हैं 2 वनडे मैच

भारत ने बे ओवल में अब तक 3 वनडे खेले हैं, जिसमें 2 में जीत दर्ज की है और एक में हार झेली है। बे ओवल में न्यूजीलैंड ने कुल 12 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें से 7 में जीत हासिल की है और 5 में शिकस्त का सामना किया है। इस मैदान पर दोनों टीमें 2020 में आखिरी बार आपस में भिड़ी थी, जिसे न्यूजीलैंड ने 5 विकेट से जीता था।

ऐसी है बे ओवल की पिच रिपोर्ट

बे ओवल की पिच में गेंदबाजी की तुलना में बल्लेबाजी करना आसान माना जाता है। नई गेंद से तेज गेंदबाजों को कुछ मदद मिलती है, लेकिन पिच में एक समान उछाल के चलते ज्यादातर बल्लेबाज हावी रहते हैं। यहां पर स्पिन गेंदबाजों के लिए कुछ खास मदद नहीं है। हाउस्टेट के मुताबिक, इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 268 रन है। यहां पर दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने 7 बार जीत दर्ज की है।

सबालेंका को हराकर मीरा सेमीफाइनल में



एजेंसी ▶▶ इंडियन वेल्स

मीरा एंड्रीवा ने अपने ग्रुप मैच में एरिना सबालेंका को सीधे सेटों में हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट की सेमीफाइनल में जगह सुरक्षित की। तीसरी वरीयता प्राप्त एंड्रीवा ने सबालेंका को 6-4, 6-0 से हराया। वह पहले सेट में सबालेंका से 1-4 से पिछड़ रहीं थीं, लेकिन इसके बाद उन्होंने अगले 23 में से 20 अंक जीतकर 62 मिनट में जीत हासिल की और इस तरह से ग्रुप दो में शीर्ष स्थान हासिल किया। एंड्रीवा ने राउंड रोबिन आधार पर होने वाले ग्रुप मैचों में अपने दोनों मैच जीते हैं।

शीर्ष आठ महिला खिलाड़ियों के बीच स्पर्धा

इस ग्रुप से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी खिलाड़ी का निर्धारण सबालेंका और एलिना स्वितोलिना के बीच होने वाले मैच से होगा। सबालेंका ने अपने पहले मैच में कैरोलिना मुचोवा को सीधे सेटों में हराया था। शीर्ष आठ महिला खिलाड़ियों के बीच खेली जा रही इस प्रतियोगिता में स्वितोलिना को अपने पहले मैच में एंड्रीवा से 6-4, 6-0 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन दूसरे मैच में उन्होंने पहला सेट गंवाने के बाद मुचोवा को 3-6, 6-2, 6-2 से हराकर शानदार वापसी की।

बैडमिंटन

श्रीकांत और लक्ष्य कुमामोतो मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ▶▶ कुमामोतो (जापान)

भारत के किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन ने बृहस्पतिवार को यहां कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अलग-अलग अंदाज में जीत हासिल करके पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। श्रीकांत ने जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त और विश्व में आठवें नंबर के खिलाड़ी कोदाई नाराओका को 21-15, 11-21, 21-18 से हराकर उलटफेर किया। अब उनका मुकाबला जापान के एक अन्य खिलाड़ी और विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज कोकी वातानाबे से होगा।

लक्ष्य ने चीन के डोंग को हराया

जर्मनी में हाइलो ओपन जीतने वाले आठवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने चीन के डोंग तियान याओ को 21-8, 21-14 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। अब उनका मुकाबला जापान के युशी तनाका से होगा। विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज लक्ष्य वर्तमान में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर रैंकिंग में 10वें स्थान पर हैं और चीन में होने वाले सत्र के आखिरी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के लिए उन्हें शीर्ष आठ में जगह बनानी होगी।

युवा ओलंपिक : अंबेकर मीतेई ने रचा इतिहास भारत को दिलाया मुक्केबाजी का पहला गोल्ड

डकार (सेनेगल)। एल अंबेकर मीतेई ने युवा ओलंपिक खेलों की मुक्केबाजी स्पर्धा में बृहस्पतिवार को यहां स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। अंबेकर मीतेई पुरुषों के 50 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल मुकाबले में आयरलैंड के क्रिस्टियन जुबानी को 3-2 से शिकस्त देकर इस प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले देश के पहले मुक्केबाज बन गये। इससे पहले इस प्रतियोगिता में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2010 के युवा ओलंपिक में रहा था जब शिव थापा ने 60 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता था। विकास कृष्ण ने भी 2010 में सिंगापुर में आयोजित युवा ओलंपिक में कांस्य पदक हासिल किया था। पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) में अभ्यास करने वाले अंबेकर ने फाइनल तक का सफर शानदार अंदाज में तय किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल मुकाबले के पहले ही दौर में नामीबिया के अब्राहम कालेन्गा को मुकाबले से बाहर कर दिया। इसके बाद सेमीफाइनल में कोलंबिया के इज्जोन जेफ्री गैलेया अरेवालो को 5-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। मणिपुर के अंबेकर ने फाइनल में भी गजब का संयम और आत्मविश्वास दिखाया।

विवान ने ट्रैप स्पर्धा में जीता रजत, ओलंपिक कोटा हासिल किया

दोहा। जयपुर के विवान कपूर बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुष ट्रैप स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करने से बेहद करीब से चूक गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस उपलब्धि से उन्होंने हालांकि 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए भारत का एक कोटा भी पक्का कर दिया। उनसे पहले पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जयपाल मालवीय और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में कांस्य पदक जीतने वाले नीरज कुमार भारत के लिए ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके हैं।

शूट ऑफ में एक निशाना चूका : हालांकि शूट-ऑफ में विवान एक क्ले बर्ड पर निशाना लगाने से चूक गए और कुवैत के अब्दुलरहमान अलफैहान ने स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। निर्धारित मुकाबले में दोनों निशानेबाजों ने 30 में से 29 अंक हासिल किए थे जिसके बाद विजेता का फैसला शूट-ऑफ से हुआ। इस रजत पदक के साथ विवान अत्यंत प्रतिस्पर्धी पुरुष ट्रैप स्पर्धा में विश्व चैंपियनशिप पदक जीतने वाले चौथे भारतीय बन गए।

रायचंदानी के 93 रन से भारत फाइनल में

अंडर-19 एशिया कप खिताब के लिए भारत-पाक में भिड़ंत कल

एजेंसी ▶▶ अल अमेरात (ओमान)

कप्तान लक्ष्य रायचंदानी की 93 रन की शानदार पारी के दम पर भारत ने बृहस्पतिवार को यहां अंडर-19 एशिया कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर फाइनल में जगह बना ली।

खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम का सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से शनिवार 14 नवंबर को होगा। तेज गेंदबाज ईशान सूद की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने अफगानिस्तान को निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर 227 रन के स्कोर पर रोक दिया। भारत ने 36.5 ओवर में दो विकेट पर 230 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इससे पहले पाकिस्तान ने दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश को नौ विकेट से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। पाकिस्तान ने लीग चरण में भी भारत को शिकस्त दी थी।



रायचंदानी, सहवाग व विनीत ने ठोकी फिफ्टी

कप्तान रायचंदानी ने 90 गेंद की पारी में 13 चौके और एक छक्का जड़ा। उन्हें आर्यवीर सहवाग (51) और छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाने वाले वीके विनीत (नाबाद 57) का अच्छा साथ मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए रायचंदानी ने अफगानिस्तान के मोहम्मद अली की गेंद पर जोरदार पुल शॉट लगाकर 49 रन तक पहुंचे लक्ष्य ने अपनी पारी की 39वीं गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने सहवाग के साथ पहले विकेट के लिए 103 गेंद में 117 और विनीत के साथ दूसरे विकेट के लिए 90 गेंद में 77 रन की साझेदारी कर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी।

ग्रैंडमास्टर प्रज्ञाननंदा और एरिगैसी ने फास्ट क्लासिकल में ड्रॉ के साथ शुरू किया अभियान

एजेंसी ▶▶ बुडापेस्ट

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा और अर्जुन एरिगैसी ने यहां टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर पायलट की 'फास्ट क्लासिकल' प्रतियोगिता में दो-दो ड्रॉ के साथ अपने अभियान की शुरुआत की।

प्रज्ञाननंदा को ग्रुप बी में जर्मनी के विन्सेंट कीमर ने दो बार बराबरी पर रोका, जबकि एरिगैसी ने ग्रुप डी में अमेरिकी खिलाड़ी हैंस नीमन के खिलाफ दोनों बाजियां ड्रॉ खेली। इस तरह से दोनों भारतीय खिलाड़ियों के अब दो-दो अंक हैं।





आर वैशाली की शुरूआत अच्छी नहीं रही

इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली तीसरी भारतीय खिलाड़ी आर वैशाली की शुरुआत अच्छी नहीं रही। वह अपने पहले मैच में फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव से हार गई जबकि दूसरा मैच उन्होंने ड्रॉ कराया। महिला विश्व चैंपियनशिप की चैलेंजर 25 वर्षीय वैशाली ग्रुप डी में अंतिम स्थान पर हैं। इस ग्रुप में वाचियर-लाग्रेव सबसे आगे हैं। एरिगैसी अपने ग्रुप में नीमन, वेस्ली सो और बिबिसारा असाउबायेवा के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

ग्रुप बी में फैबियानो व लिएम शीर्ष पर

ग्रुप बी में फैबियानो कारुआना और लिएम ले चार-चार अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि प्रज्ञाननंदा और कीमर दो दो अंक लेकर बराबरी पर हैं। ग्रुप ए में अलीरेजा फिरोजजा और जान-क्रिस्टोफ डुडा में चार-चार अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। इयान नेपोम्नियात्ची ने ग्रुप सी में चार अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल कर ली है।

कार्लसन को ड्रा से करना पड़ा संतोष

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी के खिलाफ दो ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। दोनों खिलाड़ी ग्रुप सी में दो-दो अंकों के साथ तीसरे स्थान हैं। फास्ट क्लासिकल प्रारूप में प्रत्येक खिलाड़ी को 45 मिनट का समय मिलता है। पहली चाल से प्रत्येक चाल पर 30 सेकंड का अतिरिक्त समय जुड़ता जाता है।

पीएम मोदी बोले-किसानों की समृद्धि से ही मजबूत होगा देश का भविष्य, एक दशक में कृषि विकास दर 4 फीसदी से अधिक रही

विकसित भारत के निर्माण में कृषि विकास, आधुनिक खेती और किसान सशक्तिकरण की भूमिका अहम, यह संस्कृति-जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में कृषि विकास, आधुनिक एवं स्मार्ट खेती और किसानों का सशक्तीकरण सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कृषि केवल भारत की अर्थव्यवस्था का आधार नहीं है, बल्कि यह देश की संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा भी है। किसानों की समृद्धि और कृषि क्षेत्र की मजबूती के बिना विकसित भारत की कल्पना पूरी नहीं हो सकती।

प्रधानमंत्री गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'किसान तक भारत एग्रीकल्चर कॉन्फ्रेंस' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत में कृषि और त्योहारों का गहरा संबंध रहा है। देश के अधिकांश त्योहार किसी न किसी रूप में खेती, फसल, प्रकृति और किसानों के जीवन से जुड़े हुए हैं। ऐसे समय में इस सम्मेलन का आयोजन हो रहा है, जब देशभर में त्योहारों का उत्साह है। यह भारतीय समाज में कृषि की सांस्कृतिक और सामाजिक महत्ता को भी दर्शाता है।

भारत मंडपम में 'किसान तक भारत एग्रीकल्चर कॉन्फ्रेंस' में बोले प्रधानमंत्री



आयोजकों को सराहा

प्रधानमंत्री ने सम्मेलन के आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन कृषि क्षेत्र में सकारात्मक पहल है। उन्होंने इसे किसानों, वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं और उद्योग जगत के बीच संवाद तथा अनुभवों के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण मंच बताया। दो दिवसीय इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से करीब 2,000 किसान हिस्सा ले रहे हैं। इनके अलावा नीति निर्माता, राजनयिक, कृषि उद्योग से जुड़े प्रमुख प्रतिनिधि और कृषि वैज्ञानिक भी शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन का उद्देश्य कृषि क्षेत्र की चुनौतियों, संभावनाओं और भविष्य की जरूरतों पर व्यापक विचार-विमर्श करना है।

बड़ी विकास दर हासिल की

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में देश की कृषि विकास दर चार प्रतिशत से अधिक रही है। आजादी के बाद यह पहला ऐसा दशक है, जब देश के कृषि क्षेत्र ने लगातार इतनी मजबूत विकास दर हासिल की है। उन्होंने इस उपलब्धि को कृषि क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक बदलावों और किसानों की मेहनत का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने के लिए पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार को अपनाना आवश्यक है। खेती को अधिक उत्पादक, लाभकारी और टिकाऊ बनाने के लिए किसानों को नई तकनीकों से जोड़ना होगा।

'दिग्गज' देंगे अनुभव

सम्मेलन में लगभग 20 प्रगतिशील किसान और पद्मश्री सम्मान से सम्मानित हस्तियां अपने अनुभव साझा करेंगी। ये किसान खेती में किए गए नवाचारों, आधुनिक कृषि पद्धतियों, विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष और अपनी सफलता की कहानियों के माध्यम से अन्य किसानों को प्रेरित करेंगे। सम्मेलन में कृषि क्षेत्र में नई संभावनाओं, किसानों की आय और उत्पादकता बढ़ाने, आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल तथा कृषि को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने जैसे विषयों पर चर्चा होने की उम्मीद है।प्रधानमंत्री का संदेश स्पष्ट है कि कृषि को केवल परंपरागत व्यवसाय के रूप में नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार से जुड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में विकसित करना होगा। किसानों की भागीदारी, उनकी क्षमताओं का विकास और कृषि क्षेत्र में नए प्रयोग ही विकसित भारत की मजबूत नींव तैयार करेंगे और देस के विकास के लिए लगों को प्रेरित भी करेंगे।

खबर संक्षेप

31 आप उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी

नई दिल्ली। पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए आप ने गुरुवार को उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। नई दिल्ली में राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद 31 नामों का ऐलान किया गया। पार्टी ने नए चेहरों को मौका दिया है। सीएम भगवंत मान कहा कि सर्वे में जो उम्मीदवार को आगे रह हैं उन्हें टिकट दी गई है।



लापरवाही... दिल्ली में 8 पुलिसकर्मी निलंबित

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस में तबादले के आदेश के बाद नई पोस्टिंग पर ज्वाइन नहीं करने वाले 8 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इन अधिकारियों और पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया था, लेकिन आदेश जारी होने के बावजूद वे समय पर अपनी नई तैनाती वाली जगह पर रिपोर्ट (जॉइन) करने नहीं पहुंचे।



कांग्रेस ने शुरू की जवानी संभाल यात्रा

चंडीगढ़। कांग्रेस की पंजाब इकाई ने विधानसभा चुनावों से पहले जनसंपर्क अभियान के तहत अपनी 'जवानी संभाल साइकिल यात्रा' शुरू की, जिसका नेतृत्व पार्टी सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने चमकौर साहिब से किया। चमकौर साहिब से यात्रा को रवाना किए जाने के मौके पर सचिन पायलट मौजूद थे।



बेकाबू कार पलटी, पति-पत्नी की मौत, 2 जख्मी

अहमदाबाद। अहमदाबाद के धोलरा-अहमदाबाद एक्सप्रेसवे पर गुरुवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कार के बेकाबू होकर पलटने से एक व्यक्ति और उसकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी 8 साल की बेटी और बुजुर्ग मां गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 9 बजे हुआ।



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अब नए गठबंधन का ऐलान

ओवैसी-एएसपी ने बनाया 'सामाजिक परिवर्तन मोर्चा', चंद्रशेखर होंगे मुख्यमंत्री का चेहरा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

गठबंधन का उद्देश्य दलित और मुस्लिम वोटों को एक मंच पर लाना

उत्तर प्रदेश में साल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश की राजनीति में नए गठबंधन की घोषणा हो गई है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने हाथ मिला लिया है। दोनों नेताओं ने गुरुवार को लखनऊ में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपने गठबंधन का ऐलान किया। इस गठबंधन को 'सामाजिक परिवर्तन मोर्चा' नाम दिया गया है। इस घोषणा के बाद प्रदेश की सियासत में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर नए राजनीतिक समीकरणों की चर्चा शुरू हो गई है। इस गठबंधन का मुख्य उद्देश्य दलित और मुस्लिम वोटों को एक मंच पर लाना तथा युवाओं, किसानों और कमजोर वर्गों के अधिकारों की आवाज उठाना है।माना जा रहा यह गठबंधन सपा के पीडीए समीकरण के सामने एक नई चुनौती पेश कर सकता है, जबकि विपक्षी दलों का आरोप है कि इससे भाजपा को चुनावी फायदा मिल सकता है।



सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ेगा मोर्चा

दोनों नेताओं ने बताया कि उनका मोर्चा उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ेगा। इसके साथ ही ओवैसी ने चंद्रशेखर को मोर्चे की ओर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया। चंद्रशेखर और ओवैसी ने गठबंधन के जरिए प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कही है। दोनों दलों का कहना है कि वे मिलकर राजनीतिक भागीदारी, अधिकार और सामाजिक परिवर्तन के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएंगे।

चंद्रशेखर को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया

इस दौरान सबसे अहम बात यह रही कि ओवैसी ने चंद्रशेखर को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया। इस घोषणा के साथ ही सामाजिक परिवर्तन मोर्चे ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपना प्रमुख चेहरा भी सामने रख दिया है। हालांकि, इस गठबंधन को चुनाव में कितना समर्थन मिलता है, यह आने वाले समय में उम्मीदवारों के चयन और जनता के बीच पहुंच से साफ होगा। अब मोर्चा के गठन के बाद प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने की संभावना है।

सभी जान रहे आजम किसकी वजह से जेल में हैं?अब्दुल बराबरी पर है: ओवैसी

ओवैसी ने कहा कि मोर्चा यूपी में मजबूत विकल्प होगा। हम बीजेपी को तीसरी बार आने से रोकेंगे। किसानो के मसले पर हम लड़ेंगे। हम राजनीति फ्यूचर के लिए करेंगे। अब्दुल मुद्दा बन गया है, अब्दुल दरी नही बिछा रहा है।अब्दुल बराबरी पर है, हम उसके साथ है। इसके अलावा चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि आजम खान किसकी वजह से जेल में हैं, सबको मालूम है. सिर्फ वोट के खतिर उनका इस्तेमाल हुआ। कोई उनकी लड़ाई नही लड़ा। 2012 के बाद से हमारे ऊपर अत्याचार हो रहा है। ये सरकार केवल व्यापारी की बात करती है हम सरकार बनाएं तब क्वालिटी शिक्षा देंगे। अस्पताल दुरस्त करेंगे, नौकरी देंगे।

कांग्रेस के मसूद बोले

हमें डेंट कर किसी और को फायदा...

इस गठबंधन को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेता और सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद ने कहा कि राजनीति का अधिकार सभी को है, सब अपने तरीके से राजनीति भी करते हैं। जब उनसे सवाल किया गया कि क्या एसपीएम उनके गठबंधन को डेंट पहुंचाएगा, तो उन्होंने कहा कि डेंट होने से किसे फायदा होगा? किसी और को फायदा पहुंचाना चाहते तो हमें डेंट करके तो पहुंचा दीजिए।



जेल में आजम से मिले शिवपाल



उनका लगातार उत्पीड़न हो रहा

सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव गुरुवार को गाजियाबाद जिला कारागार पहुंचे। उनकी यह यात्रा जिला कारागार में बंद पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान से मुलाकात करने के लिए थी। शिवपाल यादव के आगमन पर सैकड़ों की संख्या में सपा के कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। यह स्वागत गाजियाबाद के वेदांता टोल प्लाजा पर किया गया था।

इनका मकसद भाजपा को हटाना नहीं है

इस गठबंधन को लेकर शिवपाल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ओवैसी और चंद्रशेखर भाजपा को सत्ता से नहीं हटाना चाहते हैं।

छठ पूजा के लिए तैयारियां अंतिम चरण में

नवीन ने मुनक नहर पर 11 किमी लंबे छठ घाट की शुरुआत की



सीएम रेखा के साथ दिल्ली सरकार के कई मंत्री कार्यक्रम में रहे मौजूद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने राष्ट्रीय राजधानी में मुनक नहर के दोनों किनारों पर बनाए गए 11 किलोमीटर लंबे छठ घाट का गुरुवार को उद्घाटन किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री के कार्यालय (सीएमओ) ने बताया कि यहां शालीमार बाग में सिंगलपुर रोड पर प्रेम बाड़ी पुल के पास आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं दिल्ली सरकार के अन्य मंत्रियों की मौजूदगी में इस घाट का उद्घाटन किया गया।

यह पूर्वांचली समाज के लिए बड़ी सौगात

यह घाट दिल्ली के पूर्वांचली समाज के लिए बड़ी सौगात है। लंबित मांग को पूरा करते हुए दिल्ली सरकार ने छठ व्रतियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को अहम कदम उठाया है। दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों ने बताया था कि हैदरपुर जल उपचार संयंत्र से मुनक नहर में पानी डाला जाएगा, ताकि भक्तों को स्वच्छ पानी और निर्बाध प्रवाह मिल सके। सीएमओ ने कहा था कि कभी गंदगी, मलबे और झाड़ियों से घिरी रहने वाली नहर को नया जीवन देने के लिए सरकार ने सफाई अभियान चलाया।

रेलवे का ऐलान:2044 फेरे लगाएंगी 214 स्पेशल ट्रेनें

छठ महापर्व पर घर जाने वाले यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने खास तैयारी की है। पूर्वोत्तर रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए 214 स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। इन ट्रेनों के कुल 2,044 फेरे लगाए जाएंगे। रेलवे का उद्देश्य है कि त्योहार पर घर जाने वाले लोगों को ट्रेन में सफर करने के लिए ज्यादा परेशानी न हो और वो सुरक्षित अपने घर पहुंच सकें।

स्टेशनों पर कड़ी सुरक्षा

यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेलवे सुरक्षा बल और रेलवे पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। बिहार पुलिस की टीम भी सुरक्षा व्यवस्था में मदद कर रही है। स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों से भी लगातार निगरानी की जा रही है।



सोलापुर एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला

टेक ऑफ के दौरान रनवे से फिसला विमान, सभी सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ सोलापुर

महाराष्ट्र के सोलापुर एयरपोर्ट पर गुरुवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब टेक-ऑफ के दौरान एक ट्रेनिंग विमान रनवे से फिसल गया। यह घटना तब हुई जब ट्रेनी पायलट विमान को टेक-ऑफ कराने की कोशिश कर रहा था, जिससे विमान रनवे से बाहर हो गया। पायलट को कोई चोट नहीं आई है। विमान में कितने लोग सवार थे, पता नहीं चल पाया है। विमान आगे की ओर झुका हुआ दिखाई दे रहा है, जिसका अगला हिस्सा जमीन को छू रहा है।



ये विमान एक महिला ट्रेनी पायलट उड़ा रही थी। यह घटना तब हुई जब ट्रेनी पायलट उड़ान भरने की कोशिश कर रही थी। ट्रेनिंग विमान रनवे से भटक गया और रनवे की सतह से फिसल गया। उड़ान भरते समय विमान का नियंत्रण कैसे खो गया, इसके सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

पित्रोदा ने की पीएम मोदी की तारीफ

उन्हें गुजराती दोस्त बताया तो प्रधानमंत्री ने दी शुभकामनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। पित्रोदा की गिनती गांधी परिवार के करीबी नेताओं में होती है और वे जब राहुल गांधी अमेरिका समेत पश्चिमी देशों की यात्रा करते हैं, तो उसमें अहम भूमिका निभाते हैं। पित्रोदा ने अब पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा है कि वह निजी तौर पर बहुत अच्छे, दयालु और प्यार करने वाले हैं और हमारी आपस में अच्छी बनती है। पित्रोदा ने पीएम मोदी को अपना गुजराती दोस्त बताया है। इस पर पीएम मोदी ने खुद जवाब दिया है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, सैम भाई और अंजना बेन को दिवाली और नूतन वर्ष अभिनंदन की शुभकामनाएं। आने वाले साल के लिए खुशी और सेहतमंद रहने की प्रार्थना करता हूं। जय जगन्नाथ! पित्रोदा के बयानों से अक्सर विवाद के साथ बवाल होता रहा है।



गुरुद्वारे में जलाया सोनिया का 'संस्मरण'



नई दिल्ली। यहां के रकाबगंज गुरुद्वारे में सिख समुदाय और सिख विरोधी दंगों के पीड़ित परिवारों ने सोनिया गांधी की आत्मकथा की किताब को आग लगाई। 'बिलॉनिंग : अ जर्नी ऑफ लव' पर प्रदर्शनकारियों और दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी का आरोप है कि किताब में 1984 के सिख विरोधी दंगों और सिख समुदाय से जुड़े मुद्दों पर गलत तथ्यों को पेश किया गया है। यह विरोध प्रदर्शन कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और अन्य सदस्यों के नेतृत्व में किया गया।

अभिषेक के आवास के बाहर चला बुलडोजर

भारी पुलिस बल की रही तैनाती बिफरे सांसद

फुटपाथ से हटाया गया अस्थायी ढांचा और गेट को कटर से काटा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद अभिषेक बनर्जी के कोलकाता स्थित आवास के बाहर गुरिवार को नगर निकाय ने बुलडोजर चलाकर फुटपाथ पर बना बांस का अस्थायी ढांचा हटा दिया। अधिकारियों ने पैदल यात्रियों की आवाजाही में कथित बाधा बन रहे लोहे के गेट को भी गैस कटर से काटकर हटा दिया। यह कार्रवाई बनर्जी के 121, कालीघाट रोड स्थित आवास के बाहर भारी पुलिस बल की मौजूदगी में की गई। इस दौरान कोलकाता पुलिस और केंद्रीय बलों के जवान तैनात थे। नगर निकाय के कर्मचारियों ने पहले बुलडोजर से ढांचे को गिराया और फिर बांस के खंभे हटाकर फुटपाथ खाली कराया। बनर्जी ने कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बुलडोजर उनकी आवाज को दबा नहीं सकते।



अभिषेक बोले लड़ाई जारी रहेगी

अभिषेक ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मैं 'बांग्ला विरोधियों' के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखूंगा। मैं अपनी आखिरी सांस तक न तो पीछे हटूंगा और न ही एक इंच पीछे खिसकूंगा।पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री दिलीप घोष ने नगर निकाय की कार्रवाई का बचाव किया। घोष ने कहा कि यह कार्रवाई उचित है, क्योंकि इलाके के लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। अभिषेक खुद को कानून से ऊपर समझते थे।

जोशी ने केवीएस की 3 प्रमुख डिजिटल पहलों का शुभारंभ किया

प्रौद्योगिकी-सक्षम, पारदर्शी एवं प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

छात्रों के हित में स्कूली शिक्षा व्यवस्था में विस्तार किया जाएगा

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने नई दिल्ली में केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) की 3 अहम डिजिटल पहलों का शुभारंभ किया। इनमें 'समीक्षा' एआई बॉट से युक्त एआई-सक्षम विद्या समीक्षा केंद्र , केवीएस-संवाद पेरेंट कनेक्ट एप एवं वेब पोर्टल तथा केवीएस एलुमनाई कनेक्ट पोर्टल शामिल हैं। ये पहल प्रौद्योगिकी-सक्षम, पारदर्शी एवं सुचारु प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में अहम कदम हैं। इनको राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को साकार करने और डिजिटल इंडिया के विजन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम बताया।



जोशी ने सुझाव दिया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (डीओएसईएल) के सहयोग से इस पहल का विस्तार केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) से आगे बढ़ाकर संपूर्ण स्कूली शिक्षा व्यवस्था तक किया जाए।

ये रहे 3 नए कदम

एआई-सक्षम विद्या समीक्षा केंद्र

एआई-सक्षम विद्या समीक्षा केंद्र छात्रों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, शैक्षणिक प्रदर्शन, विद्यालयों के बुनियादी ढांचे और प्रवेश से संबंधित जानकारी के लिए रियल-टाइम डैशबोर्ड उपलब्ध कराता है। इसका 'समीक्षा' एआई बॉट उपलब्ध आंकड़ों का विश्लेषण कर कमियों की पहचान करता है।

केवीएस-संवाद- पेरेंट कनेक्ट एप एवं वेब पोर्टल

केवीएस-संवाद पेरेंट कनेक्ट एप एवं वेब पोर्टल से अभिभावक विद्यालय से सीधे जुड़ सकेंगे। यह प्लेटफॉर्म छात्रों की उपस्थिति, पाठ्यक्रम की प्रगति, शैक्षणिक परिणाम, शिक्षण संसाधनों और डिजिटल छात्र पहचान पत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराता है।

केवीएस एलुमनाई पोर्टल : केवीएस एलुमनाई पोर्टल पूर्व छात्रों को अपने विद्यालयों तथा पूर्व छात्रों से दोबारा जुड़ने, अनुभवों को साझा करने में मदद देगा।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415